दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-152 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 25 जुलाई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## नीट विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा-लगातार गलतियों के सिलसिले को खत्म करे सरकार



नईदिल्ली,(आरएनएस)। नीट पेपर लीक के मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने केंद्र सरकार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लगातार गलतियों का सिलसिला इसी तरह जारी नहीं रह सकता। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र से कहा कि वे इस मामले पर बहुत बारीकी से नजर रखेंगे और नियमित रूप से इसकी समीक्षा करेंगे। पीठ ने कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि सब कुछ एक व्यवस्थित प्रक्रिया के तहत हो।कोर्ट ने केंद्र सरकार से नीट-यूजी परीक्षा को पूरी तरह कंप्यूटर-आधारित परीक्षा की ओर बढ़ने की योजनाओं के बारे में जानकारी मांगी। पीठ ने कहा, अगर परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाती है तो डेटा सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएगी। कृपया हमें बताएं कि आप पूरी तरह से ऑनलाइन मोड में जाने के लिए क्या कर रहे हैं। कृपया बताएं कि कंप्यूटर-आधारित परीक्षा में जाने पर आप डेटा की सुरक्षा कैसे करेंगे।

सरकार ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि परीक्षा प्रणाली में बड़े सुधार किए जाएंगे।सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, प्रिंटिंग से लेकर वितरण तक की पूरी प्रक्रिया कोर्ट के सामने रखी जाएगी। राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों को लागू किया जा रहा है और कंप्यूटर-आधारित परीक्षाओं, डेटा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी एक हलफनामे में दी जाएगी।

**मामले पर अगली सुनवाई अब 27 जुलाई को होगी**

कोर्ट ने केंद्र से कहा, आपको 3 चरण में परीक्षा प्रणाली को मजबूत बनाना है- परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान और परीक्षा के बाद। हमें परीक्षा को संस्थागत बनाना है।

### नेपाल से भारत में अवैध प्रवेश करते हुए खालिस्थानी समर्थक और अमेरिकी नागरिक समेत 5 दबोचे

नईदिल्ली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में सुरक्षा बलों ने नेपाल सीमा से घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए खालिस्तान समर्थक संगठन वारिस पंजाब दे के एक वांछित सदस्य और संगठन से जुड़े एक अमेरिकी नागरिक समेत 5 को गिरफ्तार किया है। बहराइच पुलिस ने बताया कि खालिस्तानी चरमपंथी सदस्य की पहचान विक्रमजीत सिंह और अमेरिकी नागरिक की पहचान मनवीर सिंह ढिल्लों के रूप में हुई है। विक्रमजीत 2023 में पंजाब के एक पुलिस थाने पर हुए हमले में वांछित है।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को नेपाल से रूपाईडीहा सीमा चौकी पार करके भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किया गया है।

## हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में चलते वाहन पर गिरी चट्टानें, 13 लोगों की मौत

### मृतकों में 6 महीने का बच्चा भी शामिल



लाहौल-स्पीति(आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति के पांगी-उदयपुर मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक टाटा सूमो वाहन पर पहाड़ से भारी भरकम चट्टानें गिर गईं। इस हादसे में वाहन में सवार 13 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि वाहन में 15 लोग सवार थे और ये कुल्लू से पांगी की ओर आ रहे थे। भारी बारिश के चलते रास्ता बंद होने की वजह से ये सभी लोग तिंदी में रुके हुए थे। जानकारी के अनुसार, लाहौल घाटी से करीब 60-70 किमी दूर कुडूनाला के पास यह घटना हुई है। यहां चलते वाहन पर पहाड़ी से बड़ी-बड़ी चट्टानें गिरी गईं।हादसे में 2 लोग घायल भी हुए हैं। वहीं, चट्टान गिरने के बाद वाहन पूरी तरह चपटा हो गया है और कई शव भी क्षत-विक्षत हो गए।सभी मृतक पांगी घाटी के रहने वाले हैं।हादसे के बाद वाहन में आग भी लग गई। भरमौर के विधायक डॉक्टर जनकराज ने कहा, टाटा सूमो में 15 लोग सवार थे। सभी पांगी के रहने वाले हैं और कुल्लू से पांगी लौट रहे थे। मृतकों में एक छह महीने का बच्चा भी शामिल है।उन्होंने लाहौल-स्पीति के प्रशासन से राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया है।लाहौल-स्पीति की डीएसपी रश्मि शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हो चुकी है।

### पेपर लीक पर सरकार सख्त, 10 साल तक की जेल और 10 करोड़ रुपये जुर्माने का प्रावधान, कैबिनेट ने कानून में संशोधन को दी मंजूरी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने परीक्षा पेपर लीक पर रोक लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को पेपर लीक रोकथाम कानून (प्रिवेंशन ऑफ़ पेपर लीक एक्ट) में संशोधन को मंजूरी दे दी। प्रस्तावित संशोधन के तहत पेपर लीक के दोषियों के लिए सजा और जुर्माने को पहले से कहीं अधिक कड़ा किया गया है।सूत्रों के अनुसार, नए प्रावधानों में अधिकतम 10 वर्ष की जेल और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, पेपर लीक के मामलों में दोषी पाए जाने वाले लोगों के लिए न्यूनतम सजा तीन वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष करने का भी प्रस्ताव है। इस बीच, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार जल्द ही इस संशोधन विधेयक को संसद में पेश करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि छात्रों से जुड़े इस महत्वपूर्ण विधेयक को लाने में किसी भी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए।

### संसद मानसून सत्रः विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही 27 जुलाई तक स्थगित



नईदिल्ली,(आरएनएस)। संसद के मानसून सत्र के 5वें दिन भी लोकसभा में विपक्ष की ओर से भारी हंगामा देखने को मिला। ऐसे में लोकसभा में पीठासीन जगदंबिका पाल ने कार्यवाही को 27 जुलाई सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया है। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही विपक्षी सांसदों ने नीट-यूजी पेपर लीक और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध शुरू कर दिया और जमकर नारेबाजी की। इसके बाद कार्यवाही को स्थगित कर दिया।विपक्षी सांसदों ने सदन की कार्यवाही शुरू होती ही नीट में हुई कथित धांधली और पेपर लीक मामले को लेकर विरोध शुरू कर दिया।इसके बाद उन्होंने शिक्षा मंत्री प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर पीठासीन पाल ने शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन विपक्ष का हंगामा जारी रहा।

## सीजेपी और सरकार के बीच दूसरी बार बातचीत, प्रधान के इस्तीफे पर आज जवाब देगी सरकार



नईदिल्ली, (आरएनएस)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के बीच दूसरी बार बातचीत हुई। दिल्ली के विट्ठलभाई पटेल हाउस में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह की सीजेपी प्रतिनिधियों के साथ करीब एक घंटे चर्चा हुई। बैठक के बाद सीजेपी प्रतिनिधियों ने बताया कि सरकार ने उनकी 3 मांगों में से 2 मांगों पर सैद्धांतिक सहमति जताई है। आज सुरक्षा और आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक हुई है। सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा, सरकार ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की हमारी मांग पर आज दोपहर तक का समय मांगा है। हमें उम्मीद है कि सरकार उन्हें जल्द ही हटा देगी। सरकार ने नीट पेपर लीक के चलते आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को मुआवजे और छात्रों पर एफआईआर और कानूनी मामले वापस लेने की 2 मांगों पर सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। सीजेपी ने कहा कि प्रधान के इस्तीफे पर कोई समझौता नहीं होगा।बैठक के बाद नड्डा ने कहा, बैठक लगभग 2 घंटे तक चली। सरकार की ओर से मैं और मेरे साथ जितेंद्र सिंह थे। उनकी बातें हमने सुनी और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। उनकी 3 मुख्य मांगें थीं और परीक्षाओं के लिए 5 सुधार के सुझाव थे। हमने उनसे कहा है कि हम आज दोपहर फिर मिलेंगे और सरकार के बीच हुई बातचीत के बारे में उन्हें बताएंगे।सीजेपी के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन को भी बंद कर दिया है। डीएमआरसी ने कहा, नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन को अगले आदेश तक बंद किया गया है।

## भूख हड़ताल खत्म, जवाबदेही की शुरुआत, सोनम वांगचुक ने जारी किया वीडियो संदेश




नई दिल्ली,(आरएनएस)। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 26 दिन बाद अनशन खत्म करने के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया है। जिसमें लिखा है, भूख हड़ताल खत्म, जवाबदेही की शुरुआत! सोनम वांगचुक वीडियो संदेश में कह रहे हैं, केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा, डॉ. जितेंद्र सिंह और लेह-लद्दाख की शीर्ष संस्था के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में मैंने आखिरकार 26 दिनों बाद अपना अनशन तोड़ा है। इससे पहले, अलग-अलग राजनीतिक दलों के 65 सांसदों ने मुझसे मिलकर या पत्र लिखकर अनशन तोड़ने का आग्रह किया और संसद में नीट पेपर और परीक्षाओं की प्रणाली पर चर्चा करने का आश्वासन दिया।वांगचुक ने आगे कहा, सरकार की तरफ से आए मंत्रियों ने भी यह आश्वासन दिया। दो दिनों से बातचीत चल रही थी कि आश्वासन लिखित में चाहिए। इस प्रक्रिया में दो दिन लगे, जिससे मुझे दो दिन अतिरिक्त अनशन करना पड़ा। आखिरकार सरकार की ओर से लिखित आश्वासन मिला है।सोनम वांगचुक ने कहा है कि सरकार और सभी राजनीतिक दलों के सांसदों से यह भरोसा मिला कि खराब होती परीक्षा प्रणाली के मामले पर भारतीय संसद में जवाबदेही के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी।

## संतों की वाणी से बेहतर जीवन का मार्ग प्रशस्त होता है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होकर संतों का प्राप्त किया आशीर्वाद

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अलौकिक जगत में संतों की वाणी से बेहतर जीवन का मार्ग प्रशस्त होता है। हमारे जीवन में संस्कारों का होना भी बहुत आवश्यक है। देश के सभी तीज-त्यौहार भी सार्थक संदेश के माध्यम से मानव कल्याण का संदेश देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को पन्ना प्रवास के दौरान श्री जुगल किशोर मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के कार्यक्रम में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने श्रीधाम वृंदावन से पधारे संत श्री श्री 108 महंत स्वामी किशोरदास जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने विभिन्न स्थानों से आए भक्तगणों का अभिवादन कर संतों के सानिध्य में प्रेरणादायी वक्तव्य का अनुसरण करने की बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पन्ना की पावन धरा वृंदावन का लघु स्वरूप है, इसी तरह बुंदेलखंड के अयोध्या के रूप में ओरछा की मान्यता है। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा के साथ अलग-अलग धर्म के सभी पर्वों को उत्साह के साथ मनाएं। साथ ही विक्रम सम्वत् के आयोजन तथा भगवान श्रीराम और कृष्ण से जुड़े स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित करने की बात भी कही। अब प्रदेश के सीएम राइज स्कूल सांदीपनि विद्यालय के नाम से संचालित हैं। प्रदेश के



सभी नगरीय निकायों में गीता भवन और पुस्तकालय की स्थापना होगी। इसके अलावा प्रदेश सरकार वृंदावन ग्राम बनाने की अवधारणा पर भी तेजी से आगे बढ़ रही है। हमें धर्मार्थ से परमार्थ की राह पर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब प्रदेश में सभी धर्म के लिए एक कानून होगा। सर्वधर्म समभाव के जरिए प्रदेश तरक्की की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पन्ना में प्रत्येक वर्ष तीन दिवसीय कथा उत्सव का आयोजन होगा तथा पन्ना में संस्कृत विद्यालय खोला जाएगा। पन्ना विधायक और पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पन्ना में संतों का समागम सौभाग्य की बात है।

### बाबूघाट से मटियाबुर्ज तक का गंगा में फर्राटा भरेगी वाटर टैक्सी

कोलकाता, (आरएनएस)। महानगर कोलकाता की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कम करने और यात्रियों को तेज, सुगम व पर्यावरण-अनुकूल परिवहन का विकल्प देने के लिए राज्य सरकार ने एक मास्टर प्लान तैयार किया है। इसके तहत हुगली (गंगा) नदी में अत्याधुनिक वाटर टैक्सी सेवा शुरू करने की घोषणा की गई है। राज्य के परिवहन मंत्री अर्जुन सिंह ने शुक्रवार को इस नई पहल की जानकारी दी। परिवहन मंत्री ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में बाबूघाट से मटियाबुर्ज के बीच वाटर टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी। इसके अलावा, गंगा नदी में लंबी दूरी के लिए आधुनिक यात्री जहाजों (वेसल्स) का संचालन भी किया जाएगा, जिससे नदी मार्ग के जरिए नए क्षेत्रों को आपस में जोड़ना आसान हो जाएगा।भाटपाड़ा के गोलघर पार्क में उल्टा रथ के शुभ अवसर पर आयोजित खूंटी पूजा कार्यक्रम में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए मंत्री ने कहा, राज्य सरकार सड़क परिवहन के साथ-साथ जल परिवहन को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।




### भोजशाला विवादः 29 जुलाई को मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को मुस्लिम पक्ष की एक याचिका पर 29 जुलाई को सुनवाई के लिए तैयार हो गया, जिसमें दावा किया गया था कि मध्य प्रदेश सरकार ने नमाज के लिए जो दूसरी जगह तय की है, वह धार में विवादित भोजशाला परिसर से बहुत ज्यादा दूर है.मुस्लिम पक्ष शुक्रवार की नमाज पढ़ने के लिए भोजशाला परिसर के पास जगह मांग रहा है. 22 जुलाई को, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने याचिका को शुक्रवार को लिस्ट करने का भरोसा दिया था।

हालांकि, सुनवाई के आखिर में सीनियर वकील हुजेफा अहमदी ने इस मामले का जिक्र किया क्योंकि यह कॉज लिस्ट में नहीं दिखाया गया था. अहमदी ने दावा किया कि दो शुक्रवार की नमाज़ पहले ही छूट चुकी है और दी गई जगह 1.3 किलोमीटर दूर है।

राज्य सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच को बताया कि यह जगह 900 मीटर दूर है. अहमदी ने कहा, हमारे पास हेलीकॉप्टर नहीं हैं... सड़क से यह 1.3 किलोमीटर दूर है. इस कोर्ट के ऑर्डर को हमेशा न मानने की कोशिश की जाती है।

## मध्य प्रदेश के 5 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट



भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। आज शुक्रवार को श्योपुर, मंदसौर, रतलाम, आलीराजपुर और पन्ना जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी गई है। इन जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान करीब चार इंच तक बारिश हो सकती है। वहीं राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में 24 जून को मानसून की दस्तक के बाद से अब तक औसतन 12.8 इंच (325.1 मिमी) वर्षा दर्ज की गई है। यह सामान्य से करीब 10 प्रतिशत कम है। इस अवधि तक औसतन 14.1 इंच (359.6 मिमी) बारिश हो जानी चाहिए थी। हालांकि पिछले तीन दिनों में वर्षा की कमी लगातार कम हुई है। 20 जुलाई तक जहां प्रदेश में बारिश सामान्य से 17 प्रतिशत कम थी, वहीं अब यह घटकर 10 प्रतिशत रह गई है। पूर्वी मध्य प्रदेश में अब भी 13 प्रतिशत और पश्चिमी हिस्से में 6 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। भारी बारिश वाले पांच जिलों के अलावा भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, झाबुआ, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, उज्जैन, देवास, आगर-मालवा, शाजापुर, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी सहित 50 से अधिक जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि जुलाई के अंतिम सप्ताह में भी प्रदेश में बारिश की गतिविधियां तेज बनी रहेंगी और कई इलाकों में अच्छी वर्षा देखने को मिल सकती है।प्रदेश में फिलहाल 14 जिलों में वर्षा का आंकड़ा सामान्य से ऊपर है, जबकि 41 जिलों में अब भी बारिश सामान्य से कम दर्ज की गई है। पूर्वी मध्य प्रदेश में निवाड़ी ऐसा एकमात्र जिला है, जहां औसत से अधिक वर्षा हुई है। मौसम विभाग का मानना है कि आने वाले दिनों की बारिश से वर्षा की कमी में और सुधार होने की संभावना है।

## कोलकाता में वामपंथियों के विरोध मार्च में घुसे कॉकरोच

**-सीजेपी ने बदला पैंतरा, पुलिस की रणनीति पर फेरा पानी**

कोलकाता, (आरएनएस)। महानगर की कोलकाता पुलिस से अलग रैली की अनुमति न मिलने के बावजूद कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी ) और छात्रों के तेवर ढीले नहीं पड़े। पुलिस प्रशासन को चकमा देते हुए सीजेपी ने अपनी रणनीति में बड़ा बदलाव किया और वामपंथी छात्र संगठनों द्वारा आयोजित विशाल मार्च में शामिल हो गई। सियालदह से एस्प्लेनेड तक निकले इस संयुक्त विरोध मार्च में छात्रों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की पुरजोर मांग की। पुलिस और स्थानीय प्रशासन को शायद इस बात का अंदाजा नहीं था कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन का सीधा असर कोलकाता की सड़कों पर इस तरह देखने को मिलेगा। यह विशाल विरोध प्रदर्शन लद्दाख के शिक्षाविद सोनम वांगचुक की लंबी भूख हड़ताल के समर्थन में और देश की केंद्रीय परीक्षा प्रणालियों (नीट आदि) में लगातार सामने आ रही खामियों के विरोध में आयोजित किया गया था। दोपहर करीब 2:30 बजे जैसे ही यह जुलूस सियालदह स्टेशन परिसर से शुरू हुआ, हजारों की संख्या में छात्र इसमें जुड़ते चले गए। प्रदर्शनकारियों का उत्साह और विरोध का तरीका अनोखा था। हाथों में केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करने वाले तीखे पोस्टर थे। प्रदर्शनकारी छात्रों ने दो टूक कहा, दिल्ली के जंतर-मंतर पर जो कुछ हो रहा है, वह केवल राजधानी का मुद्दा नहीं है, बल्कि देश के लाखों युवाओं और छात्रों के भविष्य का संघर्ष है।



# मध्य प्रदेश के युवाओं के लिए चार महानगरों में प्रारंभ होंगे फास्ट ट्रैक कोर्ट, मुख्यमंत्री ने की घोषणा

## – मुख्यमंत्री ने पन्ना में 184.83 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया

भोपाल,(ए)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवाओं के हित में उनकी शिक्षा और रोजगार से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा की है। मध्य प्रदेश के चारों महानगरों- भोपाल, जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर में इसी प्रकार के फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह घोषणा शुक्रवार को पन्ना में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी गौरवशाली संस्कृति और वसुधैव कुटुम्बकम के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए विश्व कल्याण के लिए प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल पन्ना मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत 35 लाख से अधिक हितग्राहियों को लगभग 210 करोड़ रुपये की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। उन्होंने प्रतीक स्वरूप विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के हितग्राहियों एवं आत्मनिर्भर ग्राम पंचायतों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कृषि कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में हल भेंट कर सम्मानित किया गया।




**पलायन रूका, अब बुंदेलखंड को समृद्ध बनाएंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड की धरती सर्वश्रेष्ठ है। यह महाराज छत्रसाल, वीर आल्हा-ऊदल की धरती है। यहां पन्ना में धरती के नीचे हीरा निकलता है, लेकिन धीरे-धीरे पानी की कमी होती गई। लोगों ने पलायन शुरू कर दिया, जिसे हमारी सरकार ने रोका। अब हमारी सरकार ने बुंदेलखंड की समृद्धि के लिए भारतरत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के संकल्प के अनुसार अंतरराज्यीय केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने एक लाख करोड़ की इस परियोजना के लिए 90 प्रतिशत राशि देने की स्वीकृति प्रदान की। नदी जोड़ो परियोजना किसानों के लिए समृद्धि लेकर आएगी। राज्य सरकार ने तय किया है कि ऐसी परियोजनाओं में किसी की जमीन, मकान और दुकान आती है तो उसे उचित मुआवजा दिया जाएगा। इस परियोजना से बुंदेलखंड परिदृश्य बदलने वाला है। किसान अपनी जमीन बेचने का विचार मन में न लाएं। खेती के मामले में यह क्षेत्र अब पंजाब और हरियाणा को पीछे छोड़ेगा।

पन्ना क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ाएगा नया अनोखा ग्लास फ्लोर और व्यू प्वाइंटमुख्यमंत्री डॉ यादव ने पन्ना के बृहस्पति कुंड पर 8 करोड़ लागत से सौंदर्यीकरण के अंतर्गत निर्मित ग्लास फ्लोर और व्यू प्वाइंट सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पन्ना में निर्मित यह कांच के फ्लोर वाला व्यू प्वाइंट यहां के पर्यटन को बढ़ाएगा। इसे देखने देश-विदेश से लोग आएंगे। यहां के प्राकृतिक जल प्रपात पर्यटन में वैश्विक केंद्र बनने के योग्य हैं।

### दो सांदीपनि विद्यालयों की सौगात

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कुल 184.83 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। इन कार्यों में गुन्नौर और पवई के 74 करोड़ रुपये लागत के दो सांदीपनि विद्यालय शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय देश में सबसे अच्छे विद्यालय हैं। प्रदेश में भव्य सांदीपनि विद्यालय बनाए गए हैं। यह विद्यालय भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता के प्रतीक हैं। सांदीपनि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और संस्कारों के साथ शिक्षा दी जा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पुलिस विभाग में लगभग 10 हजार नए पद मंजूर किए हैं। पिछले साल 8 हजार पदों पर भर्ती की गई।

## अमृत हरित अभियान के तहत भोपाल में शनिवार को 25 हजार पौधे लगाए जाएंगे

भोपाल,(निप्र.)। नगर निगम भोपाल द्वारा शहर के पर्यावरण को और अधिक हरित एवं समृद्ध बनाने के उद्देश्य से अमृत हरित अभियान के तहत शनिवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों पर 25 हजार पौधे रोपे जाएंगे। नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के तहत सड़कों के किनारे, उपयुक्त सार्वजनिक स्थलों, जलशोधन संयंत्रों, ओवरहेड पानी की टंकियों, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, झीलों एवं अन्य जल संरचनाओं के आसपास पौधरोपण किया जाएगा। इसके अलावा निगम के जोन एवं वार्ड कार्यालयों, पुस्तकालयों, वाचनालयों, पार्कों, उद्यानों, पार्किंग स्थलों, फायर स्टेशन, वर्कशॉप, गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासीय परिसरों में भी पौधे लगाए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने अभियान के प्रभावी संचालन के लिए सभी जोन एवं वार्डों में अधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित की हैं। प्रत्येक जोन में वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो अपने-अपने क्षेत्र में पौधरोपण कार्य का पर्यवेक्षण करेंगे।

## सरकारी जमीन पर बने अवैध कॉम्पलेक्स पर चला बुलडोजर, नीलबड़ में 20 दुकानों को जेसीबी से ढहाया



भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के नीलबड़ और मुंडला क्षेत्र में शुक्रवार को जिला प्रशासन ने अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। नीलबड़ में शासकीय भूमि पर निर्मित एक अवैध व्यावसायिक कॉम्पलेक्स को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया, जबकि मुंडला में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर भी कार्रवाई करते हुए वहां किए गए निर्माण हटाए गए। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया की मौजूदगी में प्रशासनिक अमले ने ग्राम नीलबड़ स्थित मरघट की शासकीय भूमि पर कार्रवाई की। एसडीएम ने बताया कि कृष्णकांत शुक्ला द्वारा करीब 0.081 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर अवैध रूप से व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कर लिया गया था, जिसमें 20 दुकानें बनाई गई थीं। प्रशासन ने बेदखली की कार्रवाई करते हुए पूरे अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।इसके बाद प्रशासनिक टीम ने ग्राम मुंडला में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी पर भी कार्रवाई की। यहां बिना वैधानिक अनुमति के बनाई गई सड़क, बाउंड्री वॉल, प्रवेश द्वार (गेट) सहित अन्य निर्माण हटाए गए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तकनीक, समन्वय और प्रशिक्षित पुलिस बल के दम पर होगा सुरक्षित एवं व्यवस्थित सिंहस्थ-2028 - डीजीपी कैलाश मकवाणा

## सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को गति देने के लिए मास्टर ट्रेनर्स का राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित



भोपाल, (निप्र)। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल सिंहस्थ-2028 की व्यापक तैयारियों के मद्देनजर शुक्रवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में सिंहस्थ-2028 : ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (ToT) कोर्स - प्रशिक्षित प्रशिक्षकों का राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का उद्देश्य सिंहस्थ-2028 के लिए संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा, जिलों में प्रशिक्षण की प्रगति का मूल्यांकन, फील्ड अनुभव साझा करना तथा प्रशिक्षण व्यवस्था में आवश्यक सुधार एवं नवाचारों को पूरे प्रदेश में लागू करने की रणनीति तैयार करना रहा। सेमिनार में प्रदेशभर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि तथा सिंहस्थ-2028 की तैयारियों से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिलों में संचालित प्रशिक्षण गतिविधियों, प्रशिक्षण मॉड्यूल, ऑनग्राउंड अनुभव, नवाचार, फीडबैक तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि सिंहस्थ-2028 केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम है, जिसकी सफलता मध्यप्रदेश पुलिस की पेशेवर दक्षता, संवेदनशीलता एवं समन्वित कार्यशैली की भी परीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस सिंहस्थ-2028 की तैयारियों पर पिछले तीन वर्षों से योजनाबद्ध एवं चरणबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। फरवरी-2026 में उज्जैन में आयोजित मंथन एवं विषय विशेषज्ञों के सेमिनारों में प्राप्त सुझावों के आधार पर प्रशिक्षण की व्यापक अवधारणा विकसित की गई।

# भोपाल में गौवंश का कटा सिर मिलने से हड़कंप, निशातपुरा में विहिप-बजरंग दल का चौकी घेराव, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के निशातपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को गाय का कटाहुआ सिर मिलने से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल के पास 80 फीट रोड स्थित एक चिकन दुकान के समीप मिले अवशेषों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में वहां पहुंचे और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंडी करोंद चौकी का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करीब दो घंटे तक चला।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गौवंश से संबंधित प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूचना मिलते ही निशातपुरा थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मवेशी के अवशेष अपने कब्जे में लिए और उन्हें परीक्षण के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि अवशेष वहां कौन छोड़कर गया। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है।



### एक सप्ताह में दूसरा मामला होने का दावा

हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने दावा किया कि निशातपुरा क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर गौवंश से जुड़ा यह दूसरा मामला है। उन्होंने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक नहीं लगी तो वे आंदोलन तेज करेंगे। उल्लेखनीय है कि 17 जुलाई को इसी थाना क्षेत्र में डेयरी की आड़ में कथित गौवंश वध और गौमांस तस्करी का मामला सामने आया था।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संदिग्ध मांस जब्त किया था और अगले दिन मुख्य आरोपी सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद प्रशासन ने संबंधित परिसर पर अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई भी की थी। पुलिस का कहना है कि वर्तमान मामले में भी सभी साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है और दोषियों की पहचान होने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गांधी-अंबेडकर प्रतिमाओं तक कैंडल मार्च निकालेगी कांग्रेस

## NEET-CBSE मुद्दे पर कल MP के सभी जिले और ब्लॉक में सड़कों पर उतरेंगे कार्यकर्ता



भोपाल (ए.)। NEET और CBSE परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस शनिवार को मध्य प्रदेश के सभी जिलों में बड़ा आंदोलन करेगी। पार्टी ने जिला स्तर पर कैंडल मार्च और सत्याग्रह करने का फैसला किया है। इसमें प्रदेश कांग्रेस से लेकर जिला, ब्लॉक और फ्रंट संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। कांग्रेस ने छात्रों, युवाओं, अभिभावकों और सिविल सोसायटी के लोगों को भी आंदोलन से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को सभी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों को इस संबंध में सर्कुलर जारी किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के निर्देश पर यह कार्यक्रम देशभर में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में भी विरोध प्रदर्शन होगा।

पार्टी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटियों के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला जाएगा। मार्च का समापन महात्मा गांधी या डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर होगा, जहां कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सत्याग्रह करेंगे।कांग्रेस का आरोप है कि NEET और CBSE परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के कारण छात्रों और युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। पार्टी ने दिल्ली में छात्र आंदोलन के दौरान हुई घटनाओं और सरकारी कार्रवाई को भी विरोध का आधार बनाया है।

मध्य प्रदेश में होने वाले प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी उठाएगी। एआईसीसी ने अपने सर्कुलर में परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए शिक्षा मंत्री की जवाबदेही तय करने और उनके तत्काल इस्तीफे की मांग करने के निर्देश दिए हैं।




लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मंत्रालय में सेतु निर्माण कार्यों की समीक्षा की

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी व्यवस्थाएं हों चाक - चौबंद - संभागायुक्त श्री शर्मा

### लाल परेड ग्राउण्ड पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया



भोपाल (ए.)। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर लाल परेड ग्राउण्ड भोपाल पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं चाक - चौबंद एवं त्रुटिरहित हों। स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा और महिमा के साथ मनाया जाना चाहिए।

संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने शुक्रवार को लाल परेड ग्राउण्ड पर कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिए।इस अवसर पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, सेनानी 7वीं वाहिनी हितेश चौधरी तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, विभिन्न दीर्घाओं में बैठक व्यवस्था, ग्राउण्ड व्यवस्था, टेंट एवं प्रकाश व्यवस्था, सौन्दर्यीकरण, स्कूली बच्चों को लाने-लेजाने, बिठाने एवं उनके लिये स्वल्पाहार की व्यवस्था, मीडिया प्रवेश, उनकी वाहन पार्किंग एवं बैठक व्यवस्था, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली और दिशा - निर्देश प्रदान किए।संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि बारिश के मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं की जाए। सभी अधिकारी आपसी समन्वय से स्वतंत्रता दिवस की गरिमा और महत्व को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं उत्कृष्ट करें।

## भोपाल के बिलखिरिया में महिला टीचर से रेप

### सहकर्मी मंदिर ले जाने के बहाने घर ले गया; 6 महीने तक धमकाकर दुष्कर्म करता रहा, अरेस्ट

भोपाल (ए.)। भोपाल के बिलखिरिया थाना क्षेत्र में सरकारी स्कूल की 47 वर्षीय महिला शिक्षक ने अपने सहकर्मी पर दुष्कर्म और लगातार यौन शोषण का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी दिसंबर 2025 में महिला को मंदिर ले जाने के बहाने अपने घर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर करीब 6 महीने तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बिलखिरिया थाना प्रभारी उमेश चौहान के मुताबिक, पीड़िता शासकीय स्कूल में शिक्षक है। आरोपी उसी स्कूल में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है।



**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

पुलिस के अनुसार, अरोपी ने पीड़िता को कथित रूप से जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी विवाहित है। उसकी 22 वर्षीय बेटी भी है।पीड़ित महिला ने हाल ही में पूरी घटना की जानकारी अपने पति को दी। इसके बाद उसने बिलखिरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एमपी में हर 3 घंटे में होता है एक रेप केस दर्ज नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की रिपोर्ट 2024 के मुताबिक, एमपी में हर तीन घंटे में एक रेप का केस दर्ज हो रहा है। वहीं साल 2024 में हजार से भी ज्यादा रेप केस दर्ज किए गए थे।

## बैरसिया में मिक्सर मशीन पलटने से मजदूर की मौत, टायर निकलने से अनियंत्रित हुई मशीन

भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बैरसिया क्षेत्र में शुक्रवार सुबह निर्माण कार्य के लिए जा रहे एक मजदूर की कांक्रीट मिक्सर मशीन पलटने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब मशीन का एक टायर अचानक निकल जाने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। गंभीर रूप से घायल युवक ने उपचार के दौरान हमीदिया अस्पताल में दम तोड़ दिया।

बैरसिया पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राहुल कुशवाह (19) पुत्र बाबूलाल कुशवाह, निवासी बसई गांव के रूप में हुई है। राहुल निर्माण कार्यों में छत की ढलाई का काम करता था। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे वह काम पर जाने के लिए घर से निकला था। हादसा उसके गांव से करीब पांच किलोमीटर दूर किलाल गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि राहुल कांक्रीट मिक्सर मशीन पर बैठा हुआ था। इसी दौरान मशीन का एक टायर अचानक निकल गया, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल बैरसिया सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया। वहां सुबह करीब 11 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। राहुल अपने परिवार का सबसे छोटा सदस्य था। उसके परिवार में एक बड़ा भाई और पांच बड़ी बहनें हैं। पिता का पहले ही निधन हो चुका है।

# 167 वें आयकर दिवस पर गरिमामय आयोजन, ईमानदार कर अनुपालन को बताया राष्ट्र निर्माण की नींव



भोपाल, (ए.)। आयकर विभाग द्वारा 167वें आयकर दिवस का गरिमामय आयोजन शुक्रवार को राजधानी भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित आयकर भवन में किया गया। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़) मोना मोहन्ती, आयकर महानिदेशक (अन्वेषण) भोपाल बिजॉय कुमार पण्डा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष रवि अग्रवाल के वीडियो संदेश के वाचन के साथ हुआ। इसके बाद मोना मोहन्ती ने अपने संबोधन में कहा कि टैक्स देना केवल एक कानूनी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र के विकास में हमारा योगदान है। एक जागरूक और ईमानदार करदाता ही मजबूत अर्थव्यवस्था और विकसित भारत की नींव रखता है। इस अवसर पर आयकर आयुक्त (प्रशासन) राम कुमार यादव ने विभाग की बीते वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों और उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विभाग द्वारा करदाताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने और कर जागरूकता बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आयकर विभाग में पदस्थ खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। कयाकिंग सलालाम प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सुश्री शिखा चौहान तथा शूटिंग इवेंट में उपलब्धियां हासिल करने वाले शिवराज शान्खला को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर विभाग एवं देश का गौरव बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया। आयकर दिवस के अवसर पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, भोपाल में आयोजित पोस्टर निर्माण एवं भाषण (एलोक्यूशन) प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही प्रतियोगिताओं और वृक्षारोपण कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग के लिए विद्यालय को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में आयकर विभाग की भूमिका, ईमानदार कर अनुपालन और कर जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 167वें आयकर दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# नीट पेपर लीक और छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में अनूपपुर जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन




अनूपपुर, (ए.)। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में शुक्रवार को नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और इस मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस एवं वामदलों से जुड़े अधिवक्ताओं ने जिला एवं सत्र न्यायालय के मुख्य द्वार पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया और संविधान, लोकतंत्र तथा नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के समर्थन में नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि छात्रों का शांतिपूर्ण विरोध लोकतांत्रिक व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है और ऐसे आंदोलनों पर बल प्रयोग किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए चिंताजनक है। उनका कहना था कि नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक जैसी घटनाओं से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है, जिसके विरोध में देशभर में विभिन्न छात्र संगठन और सामाजिक समूह शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि संसद की ओर मार्च कर रहे छात्रों पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज में कई छात्र घायल हुए, जिसकी उन्होंने कड़ी निंदा की।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि छात्रों पर बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार का पूर्ण सम्मान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

# नपा की अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई 8 दुकानों पर 2400 रुपये का जुर्माना

अनूपपुर, ( ए. )। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिला मुख्यालय में शुक्रवार को नगरपालिका ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे संचालित दुकानों को हटाया गया और पुरानी सब्जी मंडी में अवैध मछली बाजार के चबूतरे को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।दोपहर में नगरपालिका अमला कोतवाली पुलिस के साथ मुख्य बाजार क्षेत्र पहुंचा। यहां जेसीबी की मदद से मुख्य सड़क किनारे पल्ली डालकर या अस्थाई व्यवस्था कर दुकान चलाने वालों की दुकानें हटाई गईं। कार्रवाई के दौरान स्थानीय भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।नपा अनूपपुर के राजस्व निरीक्षक गौरव सिंह बघेल और अतिक्रमण प्रभारी अखिलेश सिंह चौहान ने बताया कि यह कार्रवाई कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश पर की जा रही है। कलेक्टर को पुरानी सब्जी मंडी में बंद किए गए मछली बाजार के अवैध संचालन और सड़कों तक पसरी दुकानों की लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

# नकली सोना बेचकर 16 लाख रुपये की ठगी करने वाले राजस्थान के दो शातिर ठग थाना मुरार पुलिस की गिरफ्त में

ग्वालियर ( ए. )। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर के निर्देशन में जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों एवं ठगी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना मुरार पुलिस ने नकली सोना बेचकर 16 लाख रुपये की ठगी करने वाले राजस्थान के दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ठगी की पूरी रकम एवं सोना-चांदी का सामान बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।



घटना का संक्षिप्त विवरण: फरियादी विकास जैन, निवासी सदर बाजार मुरार, ने थाना मुरार में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी आर.के. ज्वैलर्स नाम से सराफा दुकान है। दिनांक 23 जुलाई 2026 को लगभग 11:30 बजे दो व्यक्ति, जिन्होंने अपने नाम सुन्दर भोपा एवं रामलाल उर्फ चांदवीर बताए, उनकी दुकान पर पहुंचे और स्वयं को पुश्तैनी सोने के आभूषण बेचने वाला बताते हुए करीब 130 ग्राम वजनी सात तवजिया बेचने की बात कही। जांच के दौरान उक्त सामान की कीमत लगभग 16 लाख रुपये आंकी गई, जिस पर दोनों व्यक्तियों ने 10 लाख 50 हजार रुपये नगद तथा शेष राशि के बदले सोने-चांदी के आभूषण लेने की सहमति व्यक्त की।

फरियादी ने आरोपियों को 10.50 लाख रुपये नगद, दो चांदी की करधौनी, दो चांदी के कड़े तथा लगभग 20 ग्राम वजन की दो जोड़ी सोने की झुमकियां दे दीं। आरोपियों के दुकान से निकलने के बाद जब दिए गए तथाकथित सोने की दोबारा जांच की गई तो वह पूरी तरह नकली निकला। इस पर फरियादी एवं अन्य व्यापारियों ने तत्काल आरोपियों की तलाश शुरू की। आकाशवाणी चैराहे के पास एक आरोपी सुन्दर भोपा को पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी रामलाल उर्फ चांदवीर मौके से फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी एवं नकली सोने के साथ फरियादी थाना मुरार पहुंचे, जहां शिकायत की जांच उपरांत अपराध क्रमांक 357/26, धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

# पत्नी और सौतेली पुत्री की हत्यारे को फांसी की सजा

जबलपुर, (ए.)। जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश राजेश कुमार यादव की अदालत ने पत्नी और सौतेली पुत्री की निर्मम हत्या के मामले में दोषी रामजी भूमिया को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने भारतीय



न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(2) के तहत आरोपी को दोषी पाते हुए 3 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।अभियोजन के अनुसार, 6 जून 2025 को बरगी के बसंत नगर में घरेलू विवाद के दौरान रामजी भूमिया ने धारदार हथियार (बका) से अपनी पत्नी राधा भूमिया उर्फ अंजुम बानो और सौतेली पुत्री महक भूमिया पर हमला कर दिया था। दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई थी।मामले की विवेचना थाना बरगी पुलिस द्वारा कर न्यायालय में चालान पेश किया गया। विशेष लोक अभियोजक श्रीमती बबिता कुल्हारा नागदेव की पैरवी और अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार यादव ने आरोपी को मृत्युदंड से दंडित किया।



# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने तिलवारा के नव निर्मित थाना भवन का किया निरीक्षण

जबलपुर,(ए.)। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने आज तिलवारा स्थित नव निर्मित थाना भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों एवं उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भवन की गुणवत्ता, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा समयबद्ध रूप से शेष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना परिसर में नागरिकों को बेहतर एवं सुगम पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को दिया आपदा प्रबंधन एवं जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण

जबलपुर (ए.)। 11वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा मानसून पूर्व तैनाती के अंतर्गत अशोका हॉल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, विजय नगर में विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के प्रति जागरूक बनाते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों, प्राथमिक उपचार एवं जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान एनडीआरएफ के बचावकर्मियों ने भूकंप, अग्निकांड, बाढ़, विद्युत दुर्घटना सहित विभिन्न आपात स्थितियों में सुरक्षित निकासी, सीपीआर, प्राथमिक उपचार तथा अन्य जीवन रक्षक तकनीकों का प्रदर्शन किया।

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में शपथ ग्रहण एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित

बैतूल (ए.)। नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को शपथ ग्रहण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य



अस्पताल निरीक्षक डॉ जगदीश घोरे द्वारा चिकित्सकों एवं स्टाफ को शपथ दिलाई कि हम सब नशे से दूर रहेंगे एवं दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके पश्चात नशामुक्ति के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विनोद बर्डे, जिला तंबाकू नियंत्रण अधिकारी डॉ. शुभांजलि बंसोड़, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. विनोद शाक्य, दंत सर्जन डॉ.भगवत राव कापसे, जिला क्वाजलिटी नोडल डॉ.अनुराग पाल, सहायक नोडल अधिकारी तम्बाकू , डॉ. सायमा रिजवी और मेट्रन श्रीमती अरूणा रघु एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# व्यापार समाचार

## क्या अपनी नई एयरलाइन शुरू करने जा रहा है अदाणी ग्रुप? वायरल खबरों पर कंपनी ने बताया पूरा सच

अहमदाबाद (आरएनएस.)। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने शुक्रवार को उन मीडिया रिपोर्ट्स और अटकलों का खंडन किया, जिनमें दावा किया गया था कि अदाणी समूह की फ्लैगशिप कंपनी एयरलाइन शुरू करने की योजना बना रही है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि अदाणी समूह एयरलाइन कारोबार में प्रवेश करने की तैयारी कर रहा है।

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा, हम हाल की उन मीडिया रिपोर्ट्स और बाजार की अटकलों का स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं, जिनमें कहा गया है कि अदाणी एंटरप्राइजेज एयरलाइन शुरू करने की योजना बना रही है। उन्होंने आगे कहा, ये रिपोर्ट्स पूरी तरह निराधार और तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। अदाणी एंटरप्राइजेज एयरलाइन कारोबार में प्रवेश करने के किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है।

हाल ही में अदाणी एयरपोर्ट्स ने अपने एयरपोर्ट नेटवर्क के तहत पांच राज्यों में एकीकृत एयरपोर्ट सिटी विकसित करने के लिए पहले चरण में 20,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश वाली महत्वाकांक्षी योजना का ऐलान किया था।

इस परियोजना के तहत छह हवाईअड्डों में 655 एकड़ से अधिक भूमि का विकास किया जाएगा, जिसमें अकेले मुंबई और नवी मुंबई में लगभग 440 एकड़ भूमि शामिल है।

भारत की सबसे बड़ी निजी एयरपोर्ट ऑपरेटर अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदाणी एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड (एएसीएल) के अनुसार, मुंबई, नवी मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, जयपुर और गुवाहाटी में लगभग 2.2 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र का विकास किया जाएगा।

कंपनी अपने एयरपोर्ट नेटवर्क के आसपास एकीकृत एयरपोर्ट सिटी विकसित करेगी, जहां हॉस्पिटैलिटी, रिटेल, मनोरंजन, कन्वेंशन सेंटर और व्यावसायिक अवसंरचना को एक ही परिसर में आधुनिक और सुगम शहरी ढांचे के तहत विकसित किया जाएगा।

## सरकार का बड़ा एक्शन, अश्लील कंटेंट वाले 50 ओटीटी ऐप्स पर लगा ताला

नई दिल्ली (आरएनएस.)। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर बढ़ते अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट के खिलाफ केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए 50 OTT ऐप्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म्स पर ऐसा कंटेंट प्रसारित किया जा रहा था, जो भारतीय कानूनों और डिजिटल मीडिया से जुड़े नियमों का उल्लंघन करता था। इससे पहले भी सरकार अश्लील सामग्री प्रसारित करने वाले कई ऐप्स पर कार्रवाई कर चुकी है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने लोकसभा में लिखित जवाब में बताया कि इन ऐप्स के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियम, 2021 के तहत कार्रवाई की गई है। जांच में पाया गया कि इन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध कई फिल्में और वेब सीरीज अश्लील और आपत्तिजनक प्रकृति की थीं, जो भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 294 और महिलाओं के अशोभनीय प्रतिनिधित्व (प्रतिषेध) अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करती हैं। सरकार के अनुसार, इन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल आपत्तिजनक कंटेंट के जरिए ट्रैफिक बढ़ाने और सब्सक्रिप्शन से कमाई करने के लिए किया जा रहा था। इसी वजह से संबंधित ऐप्स की सार्वजनिक पहुंच रोकने के निर्देश जारी किए गए हैं। हालांकि, सरकार ने लोकसभा में उन 50 OTT ऐप्स के नाम सार्वजनिक नहीं किए जिन पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही बताया गया कि हाल ही में आईटी नियमों में किए गए संशोधन के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और अन्य इंटरमीडियरी को अदालत या सरकार की अधिकृत एजेंसी के निर्देश मिलने के तीन घंटे के भीतर गैरकानूनी कंटेंट हटाना या उसकी पहुंच रोकना अनिवार्य होगा।

## सरकार का बड़ा फैसला, दवा कंपनियों की मार्केटिंग पर लागू किए गए नए सख्त नियम, डॉक्टरों को गिफ्ट और नकद लाभ देने पर रोक

नई दिल्ली (आरएनएस.)। केंद्र सरकार ने दवा कंपनियों की मार्केटिंग में पारदर्शिता और नैतिकता सुनिश्चित करने के लिए यूनिफॉर्म कोड फॉर फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज (यूसीपीएमपी), 2024 के तहत कई सख्त प्रावधान लागू किए हैं।नए नियमों के तहत दवा कंपनियों को एथिक्स कमेटी फॉर फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज (ईसीपीएमपी) का गठन करना होगा, एथिक्स ऑफिसर नियुक्त करना होगा, शिकायतों के निपटारे और अपील की व्यवस्था करनी होगी, नियमों के पालन का स्व-घोषणा पत्र देना होगा और निर्धारित मार्केटिंग खर्च का खुलासा भी करना होगा। इसकी जानकारी शुक्रवार को संसद में दी गई।सरकार ने बताया कि इन नियमों का उद्देश्य दवा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर रोक लगाना और दवाओं के जिम्मेदार प्रचार को बढ़ावा देना है, जिसके तहत डॉक्टरों और दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच होने वाले संपर्क और प्रचार गतिविधियों को भी विनियमित किया गया है। रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में लिखित जवाब में बताया कि फार्मास्युटिकल्स विभाग ने 12 अप्रैल 2024 को यूसीपीएमपी, 2024 अधिसूचित किया था, जिसने यूसीपीएमपी, 2015 की जगह ली। इसके बाद सितंबर 2025 में इस कोड में संशोधन भी किया गया। उन्होंने बताया कि यूसीपीएमपी, 2024 में दवा कंपनियों



द्वारा नैतिक मार्केटिंग सुनिश्चित करने के लिए कई संशोधित प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिनमें ईसीपीएमपी का गठन, एथिक्स ऑफिसर की नियुक्ति, शिकायतों के निपटारे और अपील की दो-स्तरीय व्यवस्था, नियमों के पालन से संबंधित स्व-घोषणा और निर्धारित मार्केटिंग खर्च का खुलासा शामिल है। मंत्री ने कहा कि इस कोड में दवा कंपनियों, स्वास्थ्य पेशेवरों और स्वास्थ्य संस्थानों के बीच प्रचार गतिविधियों से जुड़े नियमों को भी और मजबूत बनाया गया है। वर्ष 2025 में किए गए संशोधनों के तहत कंपनियों को संबंधित पोर्टल पर हर साल अपने मार्केटिंग खर्च का विवरण भी जमा करना अनिवार्य किया गया है। सरकार के अनुसार, इस कोड का मुख्य उद्देश्य दवा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर रोक लगाना और डॉक्टरों के बीच दवाओं के प्रचार को जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करना है। इसके लिए डॉक्टरों और दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच होने वाली गतिविधियों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए गए हैं। नए नियमों के तहत दवा कंपनियां अपने मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स और अन्य कर्मचारियों की गतिविधियों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार होंगी। साथ ही, किसी भी दवा कंपनी को डॉक्टरों या उनके परिवार के सदस्यों को गिफ्ट, नकद लाभ या हॉस्पिटैलिटी जैसी सुविधाएं देने की अनुमति नहीं होगी।

कोड के तहत दवा कंपनियों को यह भी स्व-घोषणा करनी होगी कि वे सभी नियमों का पालन कर रही हैं। इसके अलावा, कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) और कंटीन्यूइंग प्रोफेशनल डेवलपमेंट (सीपीडी) के लिए आयोजित कॉन्फ्रेंस, सेमिनार और वर्कशॉप पर किए गए खर्च का भी खुलासा करना होगा। कंपनियों का स्वतंत्र, रैंडम या जोखिम आधारित ऑडिट भी कराया जा सकता है। शिकायतों के निपटारे के लिए दो-स्तरीय व्यवस्था बनाई गई है, जबकि अपीलों का निपटारा फार्मास्युटिकल्स विभाग करेगा।

## शेयर बाजार में आया ब्लैक फ्राइडे, मिनटों में स्वाहा हुए निवेशकों के 4 लाख करोड़ रुपए; सेंसेक्स-निफ्टी पस्त

मुंबई (आरएनएस.)। भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार की सुबह भारी तबाही लेकर आई, जहां बिकवाली के जबर्दस्त तूफान ने दलाल स्ट्रीट को पूरी तरह हिलाकर रख दिया। लाल निशान के साथ खुले बाजार में निवेशकों के बीच हड़कंप मच गया और देखते ही देखते चंद मिनटों में निवेशकों के अरबों रुपये डूब गए। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत तक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बिकवाली का यह दबाव केवल बड़ी कंपनियों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी हाहाकार देखने को मिला।सेंसेक्स 800 अंक धड़ाम, निफ्टी 23,600 के स्तर पर फिसलासप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 800 अंक से अधिक यानी लगभग 1 फीसदी टूटकर 75,535 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 50 भी 250 अंकों यानी 1 फीसदी की गिरावट के साथ 23,619 के निचले स्तर तक जा गिरा। बाजार का हर वर्ग इस भारी बिकवाली की चपेट में नजर आया, जहां निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक भी लगभग 1-1 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। चंद मिनटों में डूबे 4 लाख करोड़, मार्केट कैप घटकर 473 लाख करोड़ पर आयाबाजार में अचानक आई इस चौतरफा गिरावट का सबसे बड़ा झटका निवेशकों की जेब पर पड़ा है। शुरुआती कारोबार के दौरान ही निवेशकों की वेल्थ में करीब 4 लाख करोड़ रुपये की बड़ी सेंध लग गई।

## बैंक, म्यूचुअल फंड और बीमा.. अब हर जगह चलेगी आपकी एक ही आईडी

नई दिल्ली,(आरएनएस.)। बैंक, बीमा, म्यूचुअल फंड और अन्य वित्तीय सेवाओं का उपयोग करने वाले करोड़ों ग्राहकों के लिए राहत भरी खबर है। अगस्त से सेंट्रल नो योर कस्टमर (सीकेवाईसी) 2.0 प्रणाली लागू होने जा रही है। इसके लागू होने के बाद ग्राहकों को अलग-अलग वित्तीय संस्थानों में बार-बार केवाईसी दस्तावेज जमा नहीं करने पड़ेंगे। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक ग्राहक के लिए एक साझा ग्राहक पहचान (कॉमन कस्टमर आईडी) होगी, जिससे विभिन्न संस्थानों में पहचान प्रक्रिया आसान हो जाएगी। शुरुआती चरण में बैंक और बीमा कंपनियां इस प्रणाली को अपनाएंगी, जबकि म्यूचुअल फंड और ब्रोकरेज कंपनियों के भी वर्ष के अंत तक इससे जुड़ने की संभावना है। इस परियोजना पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और बीमा नियामक संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं।

### ओटीपी से मिलेगी मंजूरी, दोबारा दस्तावेज नहीं देने होंगे

नई व्यवस्था में ग्राहकों की सहमति अनिवार्य होगी। यदि किसी व्यक्ति का केवाईसी पहले से केंद्रीय रजिस्ट्री में उपलब्ध है, तो नया बैंक खाता खुलवाने, बीमा पॉलिसी लेने या किसी अन्य वित्तीय उत्पाद में निवेश के लिए उसे फिर से वही दस्तावेज जमा नहीं करने होंगे। केवल वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) के जरिए ग्राहक की अनुमति लेकर केंद्रीय रजिस्ट्री से केवाईसी विवरण प्राप्त कर लिया जाएगा।

### निवेशकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद

एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डी.पी. सिंह का कहना है कि सीकेवाईसी 2.0 से निवेशकों का दायरा तेजी से बढ़ सकता है। उनके अनुसार, यदि करोड़ों बैंक खाताधारकों में से केवल एक छोटा हिस्सा भी म्यूचुअल फंड जैसे निवेश उत्पादों की ओर बढ़ता है, तो इसका वित्तीय क्षेत्र पर बड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उनका अनुमान है कि अगले चार महीनों में यह व्यवस्था




पूरे उद्योग में लागू हो सकती है।वहीं, पॉलिसीबाजार के बिजनेस हेड पारस पसरीचा ने कहा कि नई प्रणाली के जरिए रिकॉर्ड लगभग वास्तविक समय (रियल टाइम) में अपडेट किए जा सकेंगे और बीमा कंपनियां इसके लिए आवश्यक तकनीकी ढांचा तैयार कर रही हैं। पहले क्यों होती थी परेशानी ?देश में पहले से केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री मौजूद है, जिसमें करीब 120 करोड़ ग्राहकों का डेटा दर्ज है। हालांकि, डुप्लीकेट रिकॉर्ड और अधूरी जानकारी जैसी समस्याओं के कारण इसका व्यापक उपयोग नहीं हो पा रहा था। कई मामलों में वित्तीय संस्थान केंद्रीय रजिस्ट्री के रिकॉर्ड स्वीकार नहीं करते थे, जिससे ग्राहकों को हर नए बैंक, बीमा कंपनी या निवेश संस्थान में बार-बार वही दस्तावेज जमा करने पड़ते थे।

विशेषज्ञों का मानना है कि सीकेवाईसी 2.0 लागू होने से केवाईसी प्रक्रिया सरल, तेज और पारदर्शी बनेगी। साथ ही, बैंकिंग के अलावा बीमा, म्यूचुअल फंड और पेंशन योजनाओं में भी लोगों की भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## दखल देख आँखें खुली

कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन पूरे देशवासियों का ध्यान खींचने में सफल रहा है। सोमवार को उसके संसद मार्च के दौरान बड़े पैमाने पर छात्रों पर दमन ने उसके एंजेडे के लिए समर्थन में और इजाफा किया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर जोर डालने के लिए जगह-जगह हुए स्वत:स्फूर्त प्रतिरोध से साफ है कि जनमत का बहुत बड़ा हिस्सा इस मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ हो गया है। लेकिन इसे राजनैतिक दृष्टिकोण से न देखकर छात्रों के हितों के रूप में देखना चाहिए क्योंकि जो भी हुआ और हो रहा है वह न तो देश के लिए ठीक है न ही देश के युवाओं के हित में है। शुरूआत में कांग्रेस ने कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन को शांतिपूर्ण देखते हुए संसद में उठाया और जब छात्रों के अंदोलन का दमन शुरू हुआ तब पूरी ताकत से समर्थन किया और प्रधानमंत्री निवास पर अपने समर्थक सांसदों के साथ धरने पर बैठ गये तब मामला बढता हुआ देख सरकार की आंखे खुली और सरकार प्रदर्शन को शांत करने के लिए अपने स्तर पर प्रयास शुरू किये। उधर महीने भर तक मुंह फेरे रहे कई दलों के नेता मंगलवार को हाजिरी लगाने भी पहुंचे जबकि होना यह चाहिए था कि ये तमाम दल आत्म-निरीक्षण करते कि जिस तरह जन मानस को कॉकरोच जनता पार्टी ने आकर्षित कर लिया है, गुजरे 12 साल में वैसा करने में ये दल क्यों नाकाम रहे हैं?

## विदेशी बाजारों में खारिज होते भारतीय उत्पाद!

– सोनम लववंशी

किसी भी देश की आर्थिक ताकत उसके उत्पादन से नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि दुनिया उसके उत्पादों पर कितना भरोसा करती है। निर्यात केवल विदेशी मुद्रा अर्जित करने का माध्यम नहीं होता, वह किसी राष्ट्र की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण भी होता है। इसलिए जब विदेशी बाजार किसी देश के उत्पादों को गुणवत्ता संबंधी खामियों के कारण लौटाने लगें या उन पर प्रतिबंध लगाने लगें, तो यह व्यापारिक नुकसान ही नहीं , देश की साख पर लगा गंभीर धब्बा भी होता है। दुर्भाग्य से आज भारत इसी चुनौती से जूझ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय मसाले, आम, मिर्च और चावल जैसे उत्पाद लगातार अंतरराष्ट्रीय जांच और प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। हाल ही में चीन ने भारत से भेजी गई मिर्च की खेप को यह कहते हुए रोक दिया कि उसमें खतरनाक कीटनाशक मेथामिडोफॉस की मात्रा तय सीमा से अधिक थी। इससे पहले चीन गैर-बासमती चावल की लगभग 70 खेप भी लौटा चुका है। दूसरी ओर जापान ने भारतीय आमों के आयात पर रोक लगा दी क्योंकि निरीक्षण के दौरान फ्यूमिगेशन प्रणाली में गंभीर कमियां मिलीं। इतना ही नहीं हांगकांग ने लोकप्रिय भारतीय मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी पर सवाल उठाए, जिसके बाद सिंगापुर सहित कई देशों ने भारतीय मसालों पर प्रतिबंध, रिकॉल अथवा जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी। ये घटनाएं अलग-अलग नहीं बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति का संकेत हैं।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि भारत की वैश्विक पहचान गुणवत्ता से नहीं, गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों से बनने लगी है। दुनिया के सबसे बड़े कृषि उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद वैश्विक कृषि व्यापार में भारत की हिस्सेदारी आज भी तीन प्रतिशत से कम है। वर्ष 2024-25 में कृषि निर्यात लगभग 51 अरब डॉलर तक जरूर पहुंचा, फिर भी हमारी क्षमता और संसाधनों की तुलना में यह बेहद सीमित है। ऐसे समय में, जब भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का प्रमुख केंद्र बनने का दावा कर रहा है, गुणवत्ता संबंधी ऐसी घटनाएं हमारे प्रयासों को ही कमजोर कर रही हैं। जापान का फैसला विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दुनिया के सबसे सख्त और भरोसेमंद आयातक देशों में गिना जाता है।



बेंगलुरु में, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने फ्रीडम पार्क में धरना दिया।

# जंतर-मंतर: आग अभी बुझी नहीं है

श्रुति व्यास

लुटियन दिल्ली को सोमवार को जिस छात्र आंदोलन ने झकझोरा था, उसकी आग अब भी बुझी नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब इस आंदोलन को सबसे अधिक ऊर्जा जेनरेशन-ज़ेड का रचनात्मक हास्य है। गुस्सा है, लेकिन उसके साथ व्यंग्य है, मीम हैं, तख्तियों पर लिखी चुटीली पंक्तियाँ हैं और व्यवस्था को चुनौती देने का एक नया आत्मविश्वास भी।

राहुल गांधी की हिरासत के एक दिन बाद बुधवार को दिल्ली के संसद इलाके का माहौल तनावपूर्ण था, लेकिन वजह बदल चुकी थी। सरकार के लिए यह घेराबंदी का एक और दिन था। वही छात्रों के लिए आंदोलन का एक और सामान्य दिन—जोश, धैर्य और जिद से भरा हुआ।

लुटियंस दिल्ली अब भी एक ऐसे शहर की तस्वीर है, जो किसी बड़े टकराव की आशंका में खुद को किले में बदला हुआ है। प्रधानमंत्री आवास से संसद की ओर जाने वाली सड़कें बैरिकेडिंग की कई परतों के पीछे गुम थीं। पश्चिम बंगाल और कश्मीर से भी अतिरिक्त सुरक्षा बल बुलाए गए है। राजधानी की परिचित हरियाली पर मानों नीले और खाकी रंग का कब्ज़ा। दिल्ली पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स, सीआरपीएफ, दंगा-रोधी वाहन, अश्रु गैस, धुआँ छोड़ने वाले लॉन्चर और लाठियाँ थामे जवान हर चौराहे पर मौजूद। मानो पूरा सत्ता क्षेत्र एक ही संदेश दे रहा हो—राज्य किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। सुबह से खान मार्केट, जोर बाग और इंद्रप्रस्थ सहित सोलह मेट्रो स्टेशन बंद थे।

लेकिन इन सबका छात्रों पर कोई खास असर नहीं दिखाई दिया। वे लगातार बसों, मेट्रो के खुले स्टेशनों और ऑटो से जंतर-मंतर पहुँचते रहे।

आज जब मैं आंदोलन के केंद्र जंतर-मंतर पहुँची तो मंच पर अभिजीत दिपके मौजूद थे। उनके आसपास मीडिया का घना घेरा था। उसी घेरे में समर्थन देने आने वाले राजनीतिक नेताओं की आवाजाही भी लगी हुई थी। लेकिन असली आंदोलन उस घेरे के बाहर था। उमस से भरे आसमान के नीचे सैकड़ों छात्र ज़मीन पर पालथी मारकर बैठे थे। कोई नारे लगा रहा था, कोई गीत गा रहा था, कोई हाथ से बने पोस्टर लहरा रहा था और कोई अपने साथियों का हौसला बढ़ा रहा था।

आज मेरी मुलाकात कई ऐसे छात्रों से हुई जो पहली बार किसी प्रदर्शन में शामिल हुए थे।

इंदौर से आए तीन युवक पूरी रात यात्रा करके बुधवार तड़के दिल्ली पहुँचे थे। उन्हें किसी संगठन ने नहीं बुलाया था। वे सोशल मीडिया पर आंदोलन के वीडियो देखकर यहाँ आए थे।

हम इसलिए आए क्योंकि लगा कि दूसरे छात्रों के साथ खड़ा होना



चाहिए, उनमें से एक ने मुझसे कहा। सिर्फ एकजुटता दिखाने के लिए नहीं, बल्कि इसलिए कि व्यवस्था को कोई तो ठीक करने की कोशिश करे।

फिर उसने एक ऐसी बात कही जिसने शायद पूरे आंदोलन का सबसे सटीक अर्थ सामने रख दिया।

जब मैंने पूछा कि पेपर लीक तो वर्षों से होते आए हैं, फिर यह आंदोलन अलग क्यों है, तो उसने बिना एक पल रुके कहा, पिछली पीढ़ी ने इसे स्वीकार कर लिया था। उन्हें कभी लगा ही नहीं कि गलत को गलत कहकर बदला भी जा सकता है। अगर उन्होंने तब सवाल पूछे होते, तो शायद आज हमें यहाँ खड़ा नहीं होना पड़ता।

उसके इतना कहते ही आसपास बैठे छात्रों ने तालियाँ बजानी शुरू कर दीं ।झ्र उस एक संवाद ने वह बात समझा दी जिसे आँकड़े कभी नहीं समझा सकते। इस आंदोलन की ताकत सिर्फ इसकी संख्या में नहीं, बल्कि उस स्पष्टता में है जिसके साथ नई पीढ़ी अपने गुस्से को शब्द देती हुई है। अगर सोमवार ने इस आंदोलन के जन्म की घोषणा की थी, तो बुधवार ने साबित कर दिया कि उसमें टिके रहने की क्षमता भी है।

बुधवार तक आते-आते यह आंदोलन अपना अलग जीवन जीने लगा है। यह अब सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं रहा, बल्कि एक ऐसा समुदाय बन चुका है जहाँ असहमति केवल नारों से नहीं, व्यंग्य और हास्य से भी व्यक्त हो रही है। भीड़ में हँसी उतनी ही सहजता से फैल रही थी जितनी नारेबाज़ी। अनजान लोग एक-दूसरे का ख़याल रख रहे थे। और सबसे उल्लेखनीय बात यह थी कि लगभग पूरा प्रबंधन स्वयं छात्रों के हाथ में था।

दस-दस, बारह-बारह छात्रों के छोटे समूह बारिश से भीगी सड़कों पर अपनी जगह बनाए बैठे थे। कोई रातभर सफर करके आया था और योगा मैट पर थोड़ी देर के लिए सो गया था। कोई किताब पढ़ रहा था। कहीं आंदोलन के गीत गूँज रहे थे। कहीं संविधान पर बहस चल रही थी। कहीं कोई अचानक खड़ा होकर भाषण देने लगा था। और कहीं अनजान लोग एक-दूसरे के साथ बिस्कुट और पानी बाँट रहे थे। नारों के बीच-बीच में ठहाके लगातार सुनाई देते रहे।

सबसे अधिक प्रभावित करने वाली बात उनका अनुशासन था। स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखलाएँ बनाकर आने-जाने के रास्ते खुले रखे। कुछ लोग पानी बाँट रहे थे। कुछ नए आने वालों को छाँव की ओर भेज रहे थे। कुछ थके हुए प्रदर्शनकारियों को गत्ते के टुकड़ों से हवा कर रहे थे, क्योंकि दिल्ली की उमस किसी की परीक्षा लेने में कोई कसर नहीं छोड़ रही थी। मेरे लिए ऐसे दिन में घूमना, रिपोर्टिंग करना खुद बेहद थका देने वाला अनुभव था। लेकिन छात्रों ने मानो तय कर लिया है कि न मौसम और न थकान—उनके रास्ते की कुछ भी नई बाधा नहीं बनेगा।

उनके पोस्टरों में जेनरेशन-ज़ेड की अपनी राजनीतिक भाषा साफ दिखाई देती है—तीखी, चतुर, आत्मसजग और बेधड़क व्यंग्यात्मक। मीम अब कार्डबोर्ड पर है। संविधान के उद्धरणों के साथ व्यंग्य, तीखा कटाक्ष सहजता से खड़ा मिला। यहाँ हास्य राजनीति से बचने का माध्यम नहीं था; वही राजनीति की सबसे प्रभावी भाषा बन चुका था।

मेरी मुलाकात आईपी विश्वविद्यालय के कानून के छात्रों से हुई, इग्नू के बीस वर्षीय छात्र से हुई, इंजीनियरिंग स्नातकों से हुई, एमबीए की तैयारी कर रहे युवाओं से हुई और ऐसे अनेक छात्रों से हुई जो पहली बार किसी आंदोलन में आए थे। वे सिर्फ इसलिए रातभर यात्रा करके दिल्ली पहुँचे क्योंकि उन्होंने अपने मोबाइल फ़ोन पर इस आंदोलन को देखा और उन्हें लगा कि उन्हें भी इसका हिस्सा बनना चाहिए।

यह आंदोलन अब किसी एक संगठन या परिसर तक सीमित नहीं रहा। यह पूरी एक पीढ़ी को अपनी ओर खींच रहा है।

शाम ढलते-ढलते जंतर-मंतर किसी पारंपरिक धरना स्थल से अधिक एक आत्मनिर्भर छात्र गणराज्य जैसा दिखाई देने लगा। बैरिकेड वहीं थे। सुरक्षा बल भी वहीं थे। लेकिन छात्र भी वहीं थे। उनकी पोस्टर और पंचलाइन की राजनीति लगातार जारी। ह्यूमर, सटायर, कटाक्ष और क्रिएटिव रेज़िस्टेंस की राजनीति के लगातार नए-नए अनुभव। सोमवार को सत्ता की लुटियन दिल्ली ने उनका गुस्सा देखा। बुधवार को वह धैर्यपूर्ण तैयारी, संगठन क्षमता और यह विश्वास लिए हुए थी कि लंबी लड़ाइयाँ केवल नारों से नहीं, बल्कि लगातार टिके रहने से जीती जाती हैं।

# देर से आए और दुरुस्त भी नहीं हैं!

अजीत द्विवेदी

कांग्रेस ने छात्रों के मुद्दे पर प्रदर्शन करने में बहुत देरी कर दी। अगर राहुल गांधी 17 जून की अपनी कोटा यात्रा के बाद इस अभियान को जारी रखते तो उनके सामने साख का सवाल नहीं खड़ा होता और न यह आरोप लगता कि वे कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन को हाईजैक करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि जून में भी कांग्रेस ने प्रदर्शन शुरू करने में बहुत देर कर दी थी। तीन मई को नीट यूजी की परीक्षा हुई थी और सात मई को पेपर लीक की खबर आ गई थी।

एक साल के अंतराल पर यह दूसरी बार हुआ था। इससे पहले 2024 की नीट यूजी परीक्षा में भी पेपर लीक से लेकर परीक्षा केंद्र मैनेज होने की खबरें आई थीं। उस समय पूरी परीक्षा तो रद्द नहीं हुई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा था और कई केंद्रों पर दोबारा परीक्षा हुई थी। 2024 की परीक्षा में 24 लाख छात्र शामिल हुए थे।

तभी एक साल के अंतराल पर फिर नीट यूजी की परीक्षा के पेपर लीक होने के बाद छात्रों और युवाओं का उद्वेलित होना स्वाभाविक था। ध्यान रहे पिछले 10 साल में डेढ़ सौ परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। इनमें अनेक परीक्षाएं ऐसी हैं, जिनमें एक लाख से ज्यादा छात्र शामिल हुए थे। तभी मई के पहले हफ्ते में पेपर लीक की खबर आने और 12 मई को परीक्षा रद्द होने के बाद ही कांग्रेस को यह मुद्दा उठाना चाहिए था और सरकार को जवाबदेह ठहराना चाहिए था। लेकिन कांग्रेस ने इसकी लड़ाई भी सोशल मीडिया में लड़ी। जब सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की एक टिप्पणी के आधार पर कॉकरोच जनता पार्टी बन गई और उसने छह जून के प्रदर्शन का ऐलान किया तब कांग्रेस ने उसके पीछे पीछे अपना कार्यक्रम घोषित किया।

कांग्रेस ने तय किया कि राहुल गांधी 17 जून को कोटा जाएंगे। उसके बाद एक लंबा गैप होगा, करीब 23 दिन का। फिर वे 10 जुलाई को प्रयागराज और 11 जुलाई को पटना में छात्रों से संवाद करेंगे और उसके बाद इन तीन कार्यक्रमों का समापन दिल्ली में होगा। यह 23 दिन का जो गैप था वह राहुल गांधी की अगंभीरता और उनकी राजनीति में निरंतरता की कमी को दिखाता है। बताया जा रहा है कि उनका 20 दिन से ज्यादा के लिए विदेश दौरे का निजी कार्यक्रम बना हुआ था।

गौरतलब है कि लगभग उसी समय नीट यूजी के 23 लाख छात्र और सीबीएसई के 10वीं की बोर्ड के 18 लाख के करीब छात्र अपनी समस्याओं से जूझ रहे थे। सीबीएसई की ऑनस्क्रीन मार्किंग व्यवस्था ने छात्रों को बहुत परेशान किया था। लेकिन राहुल गांधी ने देश में रहते हुए भी इसे बड़ा मुद्दा नहीं बनाया और फिर पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक विदेश चले गए। ऐसी स्थिति में बड़ा सवाल यह है कि क्या राहुल गांधी देश के छात्रों व युवाओं को यकीन दिला पाएंगे कि जरुरत होने पर वे उनके साथ खड़े होंगे और उनका मुद्दा उठाएंगे? इसमें संदेह है।

राहुल गांधी ने मंगलवार, 21 जून को प्रधानमंत्री आवास के बाहर जो प्रदर्शन किया वह परफॉर्मेटिव पोलिटिक्स का बेहतरीन उदाहरण है। लेकिन उसके पीछे नैतिक बल और प्रतिबद्धता नदारद है। तभी उनके प्रदर्शन में कांग्रेस के लोग जुटे और कांग्रेस के नेताओं ने भीड़ जुटाई। वह भीड़ उस तरह से ऑर्गेनिक नहीं थी, जैसी जंतर मंतर पर जुटी थी या अब भी जंतर मंतर पर जमी है। छात्रों के ऊपर लाठीचार्ज का मुद्दा उठा कर बुधवार, 22 जुलाई को राहुल गांधी और अन्य विपक्षी सांसद काले कपड़े पहन कर संसद में पहुंचे। लेकिन वास्तविकता यह है कि जब छात्र अपनी समस्याओं से जूझ रहे थे और जंतर मंतर पर लाठी खा रहे थे तब कांग्रेस वहां नहीं थी। इसलिए आगे भी यह यकीन करना मुश्किल होगा कि समय आने पर कांग्रेस वहां मौजूद रहेगी। कांग्रेस के साथ दूसरी समस्या यह है कि उसके शासन में भी प्रतियोगिता परीक्षाओं के पेपर लीक होते थे। अकेले राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के पिछले शासन काल में यानी 2018 से 2023 के बीच 19 बड़ी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए थे। जैसे अभी केंद्र सरकार किसी की जिम्मेदारी तय नहीं कर रही है वैसे ही कांग्रेस ने भी राजस्थान में किसी की जिम्मेदारी तय नहीं की थी। सो, कांग्रेस और राहुल गांधी के सामने कई स्तर पर विश्वसनीयता का संकट है। यह संकट सिर्फ निरंतरता और प्रतिबद्धता से दूर हो सकता है। राहुल गांधी की राजनीति में कुछ मामलों में प्रतिबद्धता तो दिखती है लेकिन निरंतरता का घनघोर अभाव है।

अब भी वे आंदोलन में हिस्सा लेने तभी उतरे हैं, जब उनका विदेश दौरा पूरा हो गया, संसद का सत्र चालू हो गया और 20 जुलाई को संसद मार्च में छात्रों व युवाओं की उग्र भावनाओं का ज्वार दिल्ली की सड़कों पर दिखा। इससे पहले ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस ने मान लिया था कि इस मामले में अब कोई दम नहीं है क्योंकि 21 जून को दोबारा परीक्षा हो गई और अब तो नतीजे भी आ गए। कांग्रेस के लोग कहेंगे कि राहुल गांधी छात्रों की गूंज कार्यक्रम में हिस्सा लेने देहरादून गए थे। लेकिन उसमें राज्य में छह महीने बाद होने वाले चुनाव की तैयारियों की चिंता ज्यादा है।

हालांकि ऐसा नहीं है कि जंतर मंतर पर आंदोलन का नेतृत्व कर रही कॉकरोच जनता पार्टी बहुत प्रतिबद्ध संगठन है। लेकिन उसके पास सोनम वांगचुक का चेहरा है। वांगचुक की भूख हड़ताल ने छात्रों व युवाओं को भरोसा दिलाया और आंदोलन के लिए प्रेरित किया। ऐसी प्रेरणा का भाव कांग्रेस नहीं जगा पा रही है। उसका प्रदर्शन विशुद्ध राजनीतिक गतिविधि है, जिस पर छात्र और उनके अभिभावक कभी भी पूरा यकीन नहीं करेंगे। ऐसा भी हो सकता है कि कांग्रेस की अति सक्रियता छात्रों के मुद्दे को राजनीतिक विमर्श में बदल दे। ऐसा होगा तो भाजपा को फायदा हो जाएगा। तभी बेहतर होता अगर सोनम वांगचुक के आंदोलन से आशंकित होने और उसे हाईजैक करने की कोशिश करने की बजाय कांग्रेस उसे वैसे ही मजबूत करती, जैसे अन्ना हजारे के आंदोलन को भाजपा व आरएसएस ने मजबूत किया था। अगर एक बड़े मुद्दे पर छात्र व युवा आंदोलित होंगे तो चुनावों में अंतत: उसका लाभ कांग्रेस को ही मिलेगा क्योंकि वह मुख्य विपक्षी पार्टी है और उसके पास अखिल भारतीय संगठन है। आखिर अन्ना हजारे के आंदोलन का लाभ भी अरविंद केजरीवाल और भाजपा दोनों को मिला था।




वृष राशि-आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आज आप बिजनेस के सिलसिले में बाहर कहीं यात्रा पर जा सकते हैं। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के ऑफर आ सकते हैं।

मिथुन राशि-आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ने से आज आपमे विनम्रता भाव आएगा। युवा वर्ग का अपने किसी प्रोजेक्ट को लेकर किया गया प्रयास आज सफल रहेगा। व्यवसायिक काम आज आसानी से बनते जाएंगे, लेकिन प्रतिस्पर्धा का सामना भी करना पड़ सकता है।

कर्क राशि-आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ खास लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा घर में किसी धार्मिक अनुष्ठान की तैयारी में व्यस्त रहेंगे। आज व्यापार की गति थोड़ी धीमी होगी, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आज बच्चे आपको कारोबार में पूरा सपोर्ट करेंगे। आज ऑफिस में किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने से बचें,धैर्य के साथ काम करें सफलता अवश्य मिलेगी।

सिंह राशि-आज का दिन खुशहाल रहने वाला है। आर्किटेक के क्षेत्र जुड़े लोगों को आज अच्छा अवसर मिल सकता है। कुछ समय अपनी रुचि वाले कामों में बिताने से नई ऊर्जा और स्फूर्ति महसूस होगी। आज किसी अच्छी कंपनी में आपकी जॉब लगने की संभावना है। ससुराल पक्ष से आज शुभ समाचार मिलने का योग नजर आ रहा है।

कन्या राशि-आज का दिन सबसे अच्छा रहने वाला है। आज आपके आत्मविश्वास और मनोबल के आगे विरोधी टिक नहीं पाएंगे। रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वसूल करने के लिए आज समय अनुकूल है। संगीत और कला से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, फिल्म इंडस्ट्री से आज आपको ऑफर भी मिल सकता है। घर में लक्ष्मी के रुप में नए मेहमान के आने की खुशी में छोटी-सी पार्टी हो सकती है। आज आपके बिजनेस

तुला राशि-आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आप दिनभर घर की व्यवस्था और सुधार से जुड़े कामों में व्यस्त रहेंगे और आज बच्चों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं का समाधान करने से उनका आत्मबल बढ़ेगा। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान बढ़ेगा।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप फीजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे तो आपके भविष्य के लिए पैसे इकट्ठे करने में आसानी होगी। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा।

धनु राशि-आज का दिन सामान्य रहने वाला है। अगर आज आप किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं तो वह आज समय से पहले पूरा कर लेंगे, लेकिन आज आपको पहले से योजना बनाकर चलने की जरूरत है। आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। आज किसी नये व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ होने के असार है। अपने कर्म और पुरुषार्थ से आज आपको बड़ी उपलब्धियां हासिल होंगी।

कुंभ राशि-आज के दिन धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और आपकी धार्मिक यात्रा भी हो सकती है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम का विरोध करेंगे तो कुछ सहकर्मी आपके पक्ष में भी रहेंगे।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए यादगार रहने वाला है। अगर आप नौकरी कर रहें तो आज ट्रांसफर किसी अच्छी जगह पर हो सकता है। पारिवारिक कामों को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा।

# एक देह का विदा होना, कई घरों में सूर्योदय बन सकता है

**[ जब व्यवस्था संवेदनशील होती है, तब मृत्यु भी जीवन बाँटती है ]**

प्रो. आरके जैन अरिजीत

जीवन का सबसे कठिन संघर्ष अक्सर अस्पताल की चारदीवारी के भीतर लिखा जाता है, जहाँ हर साँस उम्मीद और समय के बीच अंतिम संवाद बन जाती है। कहीं माँ की प्रार्थनाएँ बेटे की धड़कनों का सहारा हैं, कहीं पिता की आँखें बेटी के लिए एक अंग की प्रतीक्षा में हैं, तो कहीं एक मासूम अनजान है कि उसका कल किसी अजनबी के निर्णय पर टिका है। विज्ञान ने एक देह से कई जीवनों को फिर धड़काने की शक्ति पा ली है, लेकिन संवेदनहीन व्यवस्था सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। इसलिए भारत में अंगदान केवल चिकित्सा नहीं, हमारी सामूहिक मानवता की परीक्षा है। जब तक यह संवेदना सशक्त नीतियों में नहीं उतरती, तब तक प्रतीक्षा सूची का हर नाम किसी मरीज का नहीं, बल्कि अधूरी जिंदगी की मौन पुकार बना रहेगा।

संवेदनशील समाज केवल उपदेश नहीं देता, बल्कि करुणा को व्यवस्था का आधार बनाता है। अमेरिका के मिशिगन राज्य ने इसे कानून का रूप दिया है। वहाँ जीवित अंगदाता बनने वाले कर्मचारी के लिए नियोक्ता को 12 सप्ताह के वेतन के बराबर टैक्स क्रेडिट मिलता है। यह केवल आर्थिक प्रोत्साहन नहीं, बल्कि जीवन बचाने के निर्णय का सम्मान है। इससे कर्मचारी को न नौकरी खोने का डर रहता है, न आय घटने की चिंता, और नियोक्ता भी बिना अतिरिक्त बोझ के उसका साथ दे सकता है। भारत में निजी क्षेत्र के अनेक कर्मचारी इच्छा होने पर भी आर्थिक असुरक्षा के कारण अंगदान का साहस नहीं जुटा पाते। ऐसे में यह मॉडल संवेदना और व्यवस्था का प्रभावी उदाहरण बन सकता है।

भारत की सबसे बड़ी कमी अंगदान की इच्छा नहीं, बल्कि उसे संभव बनाने वाली व्यवस्था है। अधिकांश प्रत्यारोपण आज भी जीवित रिश्तेदारों के दान पर निर्भर हैं, जबकि मृतक अंगदान की दर प्रति मिलियन आबादी पर एक से भी कम है। हर वर्ष लगभग 1.6 लाख सड़क दुर्घटना मौतों के बावजूद केवल 1,000-1,200 मृतक अंगदान हो पाते हैं। इसके विपरीत, स्पेन ने यह दर 48 प्रति मिलियन तक पहुँचा दी है। नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (नॉटो) के अनुसार 2025 में लगभग 20 हजार प्रत्यारोपण हुए, जबकि आवश्यकता इससे कहीं अधिक है। हर वर्ष लाखों लोग अंगों की प्रतीक्षा में दम तोड़ देते हैं। यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि अंगदान को राष्ट्रीय सामाजिक संपदा न मानने वाली नीतिगत सोच का परिणाम है। जहाँ लोग अंगों के अभाव में मरें, वहाँ संकट संसाधनों का नहीं, दृष्टिकोण का होता है।किसी अनजान को जीवन देने का साहस तभी जन्म लेता है, जब व्यवस्था सुरक्षा का विश्वास दे। भारत में अंगदान की सबसे बड़ी बाधा चिकित्सा नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक असुरक्षा है। परिवार की हिचक, उपचार का खर्च, लंबी रिकवरी और नौकरी का भय लोगों को पीछे हटा देता है। मिशिगन मॉडल इसी समस्या का समाधान देता है। यदि भारत में भी कंपनियों को कर प्रोत्साहन मिले, तो वे कर्मचारियों को सवेतन अवकाश दे सकेंगी। आज 82 हजार से अधिक लोग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में हैं, जबकि एक मृतक अंगदाता आठ से दस जीवन बचा सकता है। कई बार एक संवेदनशील नीति, हजारों अपीलों से अधिक जीवन बचा देती है।

यदि भारत इस दिशा में निर्णायक पहल करे, तो उसका प्रभाव केवल प्रत्यारोपण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कॉर्पोरेट उत्तरदायित्व की परिभाषा भी बदलेगी। अस्पताल बनाना और उपकरण दान करना महत्वपूर्ण है, पर अब अपने कर्मचारियों की जीवनदायी संवेदना को संरक्षण देना भी आवश्यक है। मिशिगन की तर्ज पर कर प्रोत्साहन मिलने पर कंपनियाँ सवेतन अवकाश के साथ उपचार, रिकवरी और पुनर्वास में सहयोग दे सकेंगी। यह ऐसा निवेश होगा, जिसका प्रतिफल बैलेंस शीट में नहीं, बल्कि बची हुई धड़कनों और लौटी मुस्कानों में दिखाई देगा। इसके साथ नॉटो और राज्य स्तरीय अंगदान नेटवर्क का विस्तार भी आवश्यक है, ताकि दान और प्रत्यारोपण के बीच समय की दूरी घट सके।भारत के कुछ राज्यों ने साबित किया है कि अंगदान की दिशा संसाधनों से नहीं, संकल्प और सुदृढ़ व्यवस्था से बदलती है। तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना इसके उदाहरण हैं, जबकि उत्तर और पूर्वी भारत के कई राज्य अब भी पीछे हैं। मध्य प्रदेश सरकार दानकर्ताओं को 'गॉड ऑफ ऑनर' का सम्मान देकर उन्हें समाज का हीरो बनाती है। यह अंतर सुविधाओं से अधिक नीतिगत प्राथमिकताओं का है। यदि केंद्र सरकार निजी क्षेत्र की भागीदारी के साथ समान राष्ट्रीय नीति लागू करे, तो यह असमानता सिमट सकती है। भरोसेमंद प्रत्यारोपण तंत्र न केवल लाखों जीवन बचाएगा, बल्कि भारत को वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल टूरिज्म का विश्वसनीय केंद्र भी बना सकता है।

स्थायी परिवर्तन तब जन्म लेते हैं, जब नीति, समाज और संस्थाएँ एक ही लक्ष्य के साथ आगे बढ़ती हैं। अंगदान भी इसका अपवाद नहीं है। सरकार नीतिगत संरक्षण दे, उद्योग जगत आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करे और स्वयंसेवी संस्थाएँ जनजागरण का दायित्व निभाएँ—यही साझेदारी इस अभियान को जनआंदोलन बना सकती है।

## डॉक्टरों के लिए एनएमसी की नई व्यवस्था, शिकायत और अपील प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन

नई दिल्ली,(आरएनएस)। देशभर के डॉक्टरों के लिए शिकायत और अपील दर्ज कराने की प्रक्रिया अब पूरी तरह डिजिटल हो गई है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने राज्य मेडिकल काउंसिल और एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड (EMRB) के निर्णयों के खिलाफ अपील के लिए ऑनलाइन एथिक्स अपील पोर्टल शुरू किया है। अब सभी अपीलें केवल इसी पोर्टल के माध्यम से स्वीकार की जाएंगी। ईमेल या कागजी आवेदन मान्य नहीं होंगे।एनएमसी की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य अपील प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और सरल बनाना है। आयोग का मानना है कि डिजिटल व्यवस्था से मामलों के निपटारे में तेजी आएगी और पूरी प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी।आयोग ने डॉक्टरों और संबंधित पक्षों से अपील की है कि आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज और जानकारी सही तरीके से ऑनलाइन अपलोड करें। यदि दस्तावेज अधूरे या जानकारी अपूर्ण होगी, तो अपील के निपटारे में अनावश्यक देरी हो सकती है। नई व्यवस्था के तहत, यदि किसी पंजीकृत डॉक्टर को राज्य मेडिकल काउंसिल के किसी फैसले पर आपत्ति है, तो वह राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 की धारा 30(3) के तहत पहली अपील ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दाखिल कर सकेगा। वहीं, EMRB के आदेश के खिलाफ दूसरी अपील भी अब इसी पोर्टल पर की जाएगी।एनएमसी का कहना है कि इस डिजिटल व्यवस्था से शिकायत और अपील की पूरी प्रक्रिया अधिक प्रभावी, पारदर्शी और उपयोगकर्ता के लिए सुविधाजनक बनेगी।

## देशभर में 20,149 जन औषधि केंद्र संचालित, मार्च 2027 तक 25 हजार केंद्र खोलने का लक्ष्य

नई दिल्ली, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत देशभर में किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता लगातार बढ़ रही है। 30 जून 2026 तक देश में 20,149 जन औषधि केंद्र संचालित हो चुके हैं। सरकार ने मार्च 2027 तक इन केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 25 हजार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

2,110 दवाएं और 315 चिकित्सा उत्पाद उपलब्ध

मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत 2,110 जेनेरिक दवाएं तथा 315 शल्य चिकित्सा उत्पाद, चिकित्सा उपभोग्य सामग्री और उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनमें हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह, संक्रमण, एलर्जी, पाचन संबंधी रोगों और पोषण संबंधी आवश्यकताओं से जुड़ी दवाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्रों पर उपलब्ध दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 से 80 प्रतिशत तक कम कीमत पर मिलती हैं, जिससे आम नागरिकों के उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हुआ है।

## 450 करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले में ED का एक्शन, पंजाब, दिल्ली और UP में 8 ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली/लखनऊ (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ जोनल कार्यालय ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एम/एस संतोष ओवरसीज लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ शुक्रवार को कई स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई करीब 450 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच के सिलसिले में की गई।

ईडी सूत्रों के अनुसार, यह जांच सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के आधार पर की जा रही है। आरोप है कि संतोष ओवरसीज लिमिटेड ने बैंकों के एक कंसोर्टियम से लगभग 450 करोड़ रुपए का ऋण लिया था। जांच में सामने आया है कि इस लोन की राशि को कथित तौर पर फर्जी कंपनियों, एंट्री ऑपरेटरों और संबंधित संस्थाओं के नेटवर्क के जरिए इधर-उधर किया गया। इसके लिए फर्जी बिल और सर्कुलर वित्तीय लेनदेन का सहारा लिया गया ताकि पैसों की असली आवाजाही को छिपाया जा सके।

ईडी ने इस मामले में दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पंजाब में स्थित आठ ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। इन स्थानों में कंपनी के प्रमोटरों, उनसे जुड़ी कंपनियों और कथित सहयोगियों के परिसरों को शामिल किया गया है। ईडी के मुताबिक, तलाशी की कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है और मामले की आगे की जांच जारी है।इससे पहले 20 जुलाई को भी ईडी के लखनऊ जोनल कार्यालय ने एक बड़े फर्जी डिग्री और जाली शैक्षणिक दस्तावेज मामले में कार्रवाई की थी। उस दौरान एजेंसी ने 25.44 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया था।अटैच की गई संपत्तियों में एक फार्महाउस, कई फ्लैट और वाहन शामिल थे। यह जांच उत्तर प्रदेश एसटीएफ द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी। एसटीएफ की जांच में खुलासा हुआ था कि हापुड़ स्थित मोनाड यूनिवर्सिटी के नाम पर एक बड़ा गिरोह फर्जी डिग्री और शैक्षणिक दस्तावेज तैयार कर रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि यह गिरोह फर्जी मार्कशीट, डिग्री, प्रोविजनल सर्टिफिकेट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट और अन्य शैक्षणिक दस्तावेज तैयार करने, बेचने और उनकी फर्जी पुष्टि कराने का अवैध कारोबार चला रहा था।

## दिल्ली में आज भी बंद रहेंगे 17 प्रमुख मेट्रो स्टेशन, जान लें कहां मिलेगी एंट्री और कहां फंसेगा रास्ता

नई दिल्ली, (आरएनएस)। राजधानी के जंतर-मंतर पर जारी सियासी घमासान ने आम जनता की रफ्तार पर लगातार तीसरे दिन भी सख्त पहरा लगा दिया है। अगर आप आज दफ्तर या कॉलेज जाने के लिए घर से निकल रहे हैं और आपका रूट लुटियंस या मध्य दिल्ली से होकर गुजरता है, तो यह खबर आपके लिए किसी जरूरी अलर्ट से कम नहीं है। सुरक्षा एजेंसियों के कड़े निर्देशों के बाद दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने शुक्रवार सुबह साढ़े सात बजे से 17 प्रमुख स्टेशनों के दरवाजे यात्रियों के लिए पूरी तरह बंद कर दिए हैं, जिससे सड़कों से लेकर मेट्रो की भूमिगत दुनिया तक में भारी असमंजस और असुविधा का माहौल बन गया है। इन तीन स्टेशनों पर मिलेगी लाइन बदलने की छूट, बाहर निकलने पर पाबंदी डीएमआरसी के अनुसार, सुरक्षा कारणों से शुक्रवार सुबह 7:30 बजे से अगले आदेश तक सभी 17 प्रभावित स्टेशनों के एंट्री और एग्जिट गेट पूरी तरह से सील रहेंगे। हालांकि, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजीव चौक, मंडी हाउस और केंद्रीय सचिवालय स्टेशनों पर मेट्रो लाइन बदलने (इंटरचेंज सुविधा) की अनुमति दी गई है। इसका मतलब है कि यात्री एक लाइन से दूसरी लाइन की ट्रेन तो पकड़ सकेंगे, लेकिन उन्हें स्टेशन परिसर से बाहर सड़क पर कदम रखने की इजाजत नहीं होगी।

# भारत-रोमानिया आर्थिक संबंधों को नई गति : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रोमानियाई कंपनियों को भारत की विकास यात्रा से जुड़ने का दिया आह्वान

बुखारेस्ट/नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में आयोजित भारत-रोमानिया व्यापार मंच को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए व्यापक अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने रोमानियाई कंपनियों से भारत की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन, वहां की सरकार के सदस्य, भारत और रोमानिया के प्रमुख उद्योगपति तथा दोनों देशों के उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि यूरोप के महत्वपूर्ण संपर्क बिंदु पर स्थित रोमानिया अपनी रणनीतिक स्थिति, कुशल मानव संसाधन, उन्नत औद्योगिक क्षमता और यूरोपीय संघ के साथ मजबूत एकीकरण के कारण भारत का स्वाभाविक और महत्वपूर्ण साझेदार है। उन्होंने कहा कि रोमानिया केवल निवेश का आकर्षक केंद्र ही नहीं, बल्कि पूरे यूरोपीय बाजार तक पहुंच का प्रमुख द्वार भी है। उन्होंने कहा कि भारतीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल की बड़ी भागीदारी यह दर्शाती है कि भारतीय उद्योग जगत का रोमानिया में उपलब्ध अवसरों पर भरोसा बढ़ रहा है और वह वहां दीर्घकालिक व्यापारिक साझेदारी स्थापित करना चाहता है।

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर दिया जोर



राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार एवं आर्थिक सहयोग दोनों पक्षों की समकालीन साझेदारी का मजबूत आधार है। लगभग दो अरब लोगों के संयुक्त बाजार और करीब 25 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त अर्थव्यवस्था के साथ भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) विश्व की सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदारियों में से एक होगा।

उन्होंने कहा कि इस समझौते का शीघ्र और प्रभावी क्रियान्वयन व्यापारिक एकीकरण को मजबूत करेगा, निवेश प्रवाह बढ़ाएगा तथा मजबूत और विविध आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण में सहायक होगा। साथ ही इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, नवाचारकर्ताओं और नवप्रवर्तन आधारित उद्यमों के लिए नए अवसर सृजित होंगे।

विकसित भारत 2047 से खुलेंगे निवेश के नए अवसर

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत आज विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प देश की आर्थिक प्रगति को नई दिशा दे रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सरकार निवेश, प्रौद्योगिकी और वैश्विक साझेदारियों को लगातार बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि कर प्रणाली को सरल बनाने तथा उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी योजनाओं के माध्यम से भारत पारदर्शी, भरोसेमंद और निवेशकों के अनुकूल कारोबारी वातावरण तैयार कर रहा है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत और रोमानिया के बीच ऊर्जा सुरक्षा तथा पर्यावरण-अनुकूल परिवर्तन के क्षेत्र में व्यापक सहयोग की संभावनाएं हैं। इसके अलावा रसायन एवं उर्वरक उद्योग, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, साइबर सुरक्षा, अनुसंधान और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में दोनों देश मिलकर नए अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।




कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रतिनिधि सौरव दास और आशुतोष रंका भी वहां मौजूद हैं। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके, नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट-यूजी 2026 पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के लिए हो रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान समर्थकों को संबोधित कर रहे हैं।

## ओडिशा सरकार पुरी की जगन्नाथ मंदिर की 60 हजार एकड़ जमीन लेगी वापस



भुवनेश्वर,(ए.)। ओडिशा सरकार ने भगवान जगन्नाथ की सालों से अतिक्रमण या कानूनी विवादों में फंसी भूमि को वापस लेने और उसका निपटारा करने के लिए एक बड़ी पहल की है। राज्य सरकार ने ओडिशा और छह अन्य राज्यों में मौजूद जगन्नाथ मंदिर, पुरी की 60,426 एकड़ से ज्यादा भूमि की पहचान की है। इसमें से करीब 395.252 एकड़ भूमि राज्य के बाहर मौजूद हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राजस्व बोर्ड, राजस्व मंडल आयुक्तों और जिला प्रशासनों को निर्देश दिया है कि जगन्नाथ मंदिर प्रशासन द्वारा कई तहसीलों में दायर 11,675 राजस्व मामलों का तेजी से निपटारा सुनिश्चित करें ताकि भूमि को वापस लिया जा सके। राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरविंद कुमार पाढ़ी ने अधिकारियों से कहा कि खुर्दा, पुरी, जगतसिंहपुर, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, गंजम, कटक और केंद्रपाड़ा जिलों में काफी समय से लंबित राजस्व मामलों के शीघ्र निपटान को पहली प्राथमिकता दी जाए।

पाढ़ी  ने अधिकारियों को लिखे एक पत्र में कहा, 'भगवान जगन्नाथ की भूमि के संरक्षण और प्रबंधन से संबंधित तमाम मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

## शुभ विचार, वाणी और कर्म ही बनाते हैं व्यक्तित्वः प्रधानमंत्री मोदी ने साझा किया संस्कृत सुभाषित

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को एक प्रेरणादायक संस्कृत सुभाषित साझा करते हुए कहा कि व्यक्ति के विचार, वाणी और कर्म ही उसके व्यक्तित्व और जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं। उन्होंने लोगों से अपने जीवन में सदैव शुभ, सकारात्मक और कल्याणकारी विचारों तथा आचरण को अपनाने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने सामाजिक माध्यम एक्स पर अपने संदेश में एक संस्कृत सुभाषित साझा किया—

कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्ष्णं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत्॥

इस सुभाषित का भावार्थ बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मनुष्य अपने कर्मों, विचारों और वाणी के माध्यम से जिस प्रकार के व्यवहार और सोच का लगातार अभ्यास करता है, अंततः वही उसके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाता है और उसके जीवन की दिशा भी उसी के अनुरूप निर्धारित होती है।

उन्होंने कहा कि इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने विचारों, व्यवहार और संवाद में सदैव कल्याणकारी, सकारात्मक और प्रेरणादायी विषयों को ही स्थान देना चाहिए। अच्छे विचार और श्रेष्ठ आचरण न केवल व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करते हैं, बल्कि समाज में भी सकारात्मक वातावरण का सृजन करते हैं।

प्रधानमंत्री का यह संदेश लोगों को नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच और सदाचार को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने संकेत दिया कि यदि व्यक्ति अपने मन, वचन और कर्म को सदैव अच्छे कार्यों की ओर केंद्रित रखे, तो उसका जीवन भी उसी दिशा में आगे बढ़ता है और समाज के कल्याण में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## फ्लिपकोर्ट से मंगाया 1.11 लाख का आईफोन, बॉक्स खुला तो निकला दाढ़ी का तेल, कंज्यूमर फोरम ने लगाया तगड़ा जुर्माना

मुंबई,(आरएनएस)। ऑनलाइन शॉपिंग करते समय अगर आपके मंगाए गए कीमती सामान की जगह कोई मामूली चीज निकल आए, तो यह किसी बड़े झटके से कम नहीं होता। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक ऐसा ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक ग्राहक ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट से 1 लाख रुपये से ज्यादा का 'आईफोन 14 प्रो' ऑर्डर किया था, लेकिन डिलीवरी बॉक्स खोलने पर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पार्सल के अंदर चमचमाते स्मार्टफोन की बजाय दाढ़ी बढ़ाने का तेल (बियर्ड ऑयल) और कागज की पैकिंग सामग्री भरी हुई थी। महीनों तक चक्कर काटने के बावजूद जब कंपनी ने कोई सुनवाई नहीं की, तो पीड़ित ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अब मुंबई (उपनगरीय) जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने फ्लिपकार्ट और उसके सेलर को कड़ी फटकार लगाते हुए ग्राहक को 1.81 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा चुकाने का ऐतिहासिक आदेश दिया है।

'सिर्फ माल बेचकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं भाग सकती कंपनी'

उपभोक्ता आयोग की अतिरिक्त पीठ ने इस पूरे मामले में सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ग्राहक ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए पूरी कीमत चुकाकर यह ऑर्डर दिया था। ऐसे में यह फ्लिपकार्ट का मुख्य दायित्व था कि ग्राहक तक सही और सुरक्षित सामान पहुंचे। आयोग ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि कोई भी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म केवल बिक्री कराके अपना



पल्ला नहीं झाड़ सकता। जब ग्राहक ने तुरंत गलत सामान मिलने की शिकायत दर्ज कराई थी, तो उस पर प्रभावी कार्रवाई करना और समस्या का समाधान करना कंपनी की कानूनी जिम्मेदारी बनती है।

बार-बार शिकायत बंद करना 'अनुचित व्यापारिक व्यवहार' करार

आयोग ने फ्लिपकार्ट और उसके सेलर 'इंटरनेशनल वैल्यू रिटेल प्राइवेट लिमिटेड' दोनों को सेवा में भारी लापरवाही और 'अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस' (अनुचित व्यापारिक व्यवहार) का दोषी ठहराया है। कोर्ट ने कहा कि पीड़ित ग्राहक द्वारा सबूत देने के बावजूद मामले की ठीक से जांच न करना, गलत पार्सल वापस न लेना और न ही रिफंड देना उपभोक्ता अधिकारों का हनन है। इसके विपरीत, कंपनी द्वारा बिना कोई ठोस समाधान दिए बार-बार शिकायत को 'सॉल्व' बताकर बंद कर देना यह दर्शाता है कि ग्राहकों के हितों के प्रति भारी लापरवाही बरती गई है। इसलिए इस पूरे नुकसान और मानसिक परेशानी के लिए ई-कॉमर्स कंपनी और विक्रेता दोनों संयुक्त रूप से जिम्मेदार हैं।

नो-कॉस्ट ईएमआई पर मंगाया था फोन, चार्जर और कवर पहुंचे सही

यह मामला मुंबई के पवई इलाके के रहने वाले एक ग्राहक से जुड़ा है। उन्होंने 22 अप्रैल 2023 को फ्लिपकार्ट से 1,11,793 रुपये की कीमत वाला 'एपल आईफोन 14 प्रो (128 जीबी)' नो-कॉस्ट ईएमआई योजना के तहत खरीदा था। फोन के साथ ग्राहक ने अलग से चार्जर और मोबाइल कवर का भी आर्डर दिया था, जो बिल्कुल सही हालत में डिलीवर हुआ। लेकिन अगले दिन जब मुख्य पार्सल आया, तो उसमें आईफोन की जगह दाढ़ी का तेल निकला। ग्राहक ने अप्रैल से मई 2023 के बीच कंपनी के कस्टमर सपोर्ट से लगातार संपर्क किया और मांगे गए सभी जरूरी दस्तावेज भी सौंपे, फिर भी उन्हें न तो नया फोन मिला और न ही पैसे वापस किए गए।

45 दिन के भीतर ब्याज सहित 1.81 लाख चुकाने का अल्टीमेटम

उपभोक्ता आयोग ने फ्लिपकार्ट और सेलर को कड़ा निर्देश दिया है कि वे 45 दिनों के भीतर ग्राहक को 1,11,793 रुपये की पूरी राशि लौटाएं। इस रकम पर 22 अप्रैल 2023 से भुगतान होने तक 9 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी देना होगा। इसके अलावा, ग्राहक को हुए भारी मानसिक उत्पीड़न के लिए 50,000 रुपये और मुकदमे के खर्च के तौर पर 20,000 रुपये अलग से देने का आदेश सुनाया गया है।

## कुपोषण से लड़ाई को नई मजबूती : मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 से बच्चों और माताओं को मिल रहा व्यापक पोषण समर्थन



**पोषण ट्रैकर से हो रही रीयल-टाइम निगरानी, कुपोषण प्रबंधन के लिए संयुक्त प्रोटोकॉल भी लागू**

नई दिल्ली,(आरएनएस)। केंद्र सरकार ने शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण की समस्या को कम करने और मातृ एवं शिशु पोषण में सुधार लाने के उद्देश्य से मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 (मिशन पोषण 2.0) को प्रभावी रूप से लागू किया है। इस मिशन के तहत आधुनिक डिजिटल निगरानी व्यवस्था, संतुलित पोषण, सामुदायिक जागरूकता और कुपोषण प्रबंधन के लिए व्यापक रणनीति अपनाई गई है।

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि यह केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की है।

बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को मिल रहा लाभ

मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत छह वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा आकांक्षी जिलों एवं पूर्वोत्तर राज्यों की 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को पोषण संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस मिशन में आंगनवाड़ी सेवाओं, पोषण अभियान और किशोरियों के लिए संचालित योजनाओं को एकीकृत किया गया है।

पोषण ट्रैकर से बढ़ी पारदर्शिता और निगरानी

मंत्रालय ने मार्च 2021 में पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन शुरू किया, जो आंगनवाड़ी केंद्रों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों की निगरानी का महत्वपूर्ण डिजिटल माध्यम बन चुका है।

इस एप्लिकेशन के जरिए आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, बच्चों की दैनिक उपस्थिति, प्रारंभिक बाल शिक्षा गतिविधियों, बच्चों की वृद्धि की निगरानी, गर्म पके भोजन और घर ले जाने योग्य राशन के वितरण सहित विभिन्न सेवाओं का लगभग वास्तविक समय में रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। इससे योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा और आवश्यक सुधार संभव हो रहे हैं।

घर ले जाने योग्य राशन के वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए चेहरे की पहचान प्रणाली (फेस रिकग्निशन सिस्टम) भी लागू की गई है, जिससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि लाभ केवल पंजीकृत पात्र लाभार्थी को ही मिले।

कुपोषण रोकने के लिए नई रणनीति

मिशन के तहत कुपोषण कम करने के लिए सामुदायिक भागीदारी, जनजागरूकता अभियान, व्यवहार परिवर्तन, मातृ पोषण, शिशु एवं बाल पोषण तथा गंभीर एवं मध्यम तीव्र कुपोषण के उपचार पर विशेष बल दिया जा रहा है।

इस रणनीति का उद्देश्य बच्चों में बौनापन, अल्प वजन, एनीमिया और कुपोषण की समस्या को कम करना तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाना है।

संशोधित पोषण मानकों के अनुसार मिल रहा पूरक आहार

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुरूप छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और पात्र किशोरियों को पूरक पोषण उपलब्ध कराया जा रहा है।

जनवरी 2023 में संशोधित पोषण मानकों के तहत अब केवल कैलोरी पर नहीं, बल्कि संतुलित एवं विविध आहार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसमें गुणवत्तापूर्ण प्रोटीन, स्वस्थ वसा, कैल्शियम, जस्ता, लौह तत्व, फोलेट तथा विटामिन ए, बी-6 और बी-12 जैसे आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व शामिल किए गए हैं।

## सीए ने पत्नी संग नहर में कूदकर दी जान, कार में छूटे 4 मोबाइल और लैपटॉप ने खोला राज; 80 किमी दूर मिला पत्नी का शव

जीरकपुर,(आरएनएस)। पंजाब के जीरकपुर से चौंका देने वाली खबर सामने आई है, जिसने हर किसी को सन्न कर दिया है। भारी आर्थिक दबाव और मानसिक तनाव से जूझ रहे एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) ने अपनी पत्नी के साथ नहर में छलांग लगाकर अपनी जिंदगी खत्म कर ली। 21 जुलाई से रहस्यमयी तरीके से लापता इस दंपति की तलाश में जुटी पुलिस को अब दोनों के शव बरामद हो गए हैं। पति की लाश जहां पंजाब के राजपुरा के पास भाखड़ा नहर से मिली, वहीं पत्नी का शव पानी के तेज बहाव में बहते हुए 80 किलोमीटर दूर हरियाणा के कुरुक्षेत्र से बरामद हुआ है।

नहर किनारे लावारिस खड़ी कार ने खोला राज

पंजाब पुलिस को जांच के दौरान भाखड़ा नहर के किनारे एक कार लावारिस हालत में खड़ी मिली थी। जब पुलिस ने कार की तलाशी ली, तो उसके अंदर से चार मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद हुआ। इन मोबाइल फोन्स की मदद से जब पुलिस ने तफ्तीश आगे बढ़ाई, तो पता चला कि यह कार जीरकपुर के रहने वाले सीए राजीव बाली की है। परिवार से संपर्क करने पर यह सनसनीखेज खुलासा हुआ कि राजीव अपनी पत्नी नीरजा बाली के साथ 21 जुलाई को घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद कभी वापस नहीं लौटे। कार मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत गोताखोरों की मदद से नहर में दोनों की तलाश शुरू कर दी।

पानी के बहाव में 80 किलोमीटर दूर बह गया नीरजा का शव

सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस को सीए राजीव बाली का शव तो राजपुरा के पास भाखड़ा नहर से मिल गया, लेकिन उनकी पत्नी नीरजा का कोई सुराग नहीं लग पा रहा था। काफी खोजबीन के बाद अब नीरजा का शव भी बरामद कर लिया गया है। उनका शव पानी के बहाव में बहते हुए पंजाब से करीब 80 किलोमीटर दूर हरियाणा में कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर के पास सरस्वती फीडर नहर तक पहुंच गया था।

# डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा ऐलान, अब जहाजों को हुए हर नुकसान का एक-एक पैसा ईरान के खाते से वसूलेगा अमेरिका



वाशिंगटन (ए.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भविष्य में जहाजों, कार्गो या उससे जुड़ी प्रॉपर्टी को होने वाले किसी भी नुकसान का भुगतान अमेरिकी कंट्रोल में रखे ईरानी फंड से किया जाएगा।ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, "कृपया, इस बयान का मतलब है कि अगली सूचना तक, अब से जहाजों, कार्गो या उससे जुड़ी किसी भी चीज को हुए किसी भी नुकसान की भरपाई ईरानी पैसे से की जाएगी, जो अमेरिका के पास है और जिसे वह कंट्रोल करता है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखा, "ये नुकसान बहुत ज्यादा हो सकते हैं, लेकिन फिर भी, यह सही और बराबरी का काम है। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह नहीं बताया कि किस तरह की घटनाओं में ईरानी एसेट्स का इस्तेमाल किया जा सकता है।यह बात तब आई जब मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ईरान पर एयरस्ट्राइक जारी रखे हुए है।इससे पहले, ट्रंप ने कहा था कि ईरान भारी सैन्य दबाव झेलने के बावजूद अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर डील करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि तेहरान अपनी बातचीत की स्थिति बदलता रहा, जबकि अमेरिका उसे परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए पक्का इरादा रखता हैईरान के साथ लड़ाई में मारे गए चार अमेरिकी सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए, ट्रंप ने बुधवार (स्थानीय समय) को जॉर्जिया में एक कैंपेन-स्टाइल रैली में तेहरान को लेकर अपनी सरकार के राजनीतिक और कूटनीतिक नजरिए का बचाव किया और इस टकराव को विदेश में अमेरिकी ताकत को फिर से बनाने की एक बड़ी कोशिश के हिस्से के तौर पर दिखाया।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, "स्टॉक मार्केट में गिरावट आई है और इसी वजह से हमारी झड़प चल रही है। मैं इसे झड़प कहता हूं। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ हमारी झड़प इसी वजह से हो रही है। "उन्होंने कहा, "इसके बावजूद यह चल रहा है। चुनाव के बाद से स्टॉक मार्केट 73 ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया है।" उन्होंने सैन्य टकराव को अमेरिका में लगातार आर्थिक भरोसे से जोड़ा।

## टाइट कपड़े पहनकर साइकिल चलाना गवर्नर को पड़ा भारी, तुर्किए सरकार ने छीन ली कुर्सी

अंकारा (ए.)। तुर्किए के राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों से एक बेहद चौंकाने वाला और अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां एक वरिष्ठ गवर्नर को अपनी एक 'संडे राइड' भारी पड़ गई। अर्दहान प्रांत के गवर्नर मेहमत फतिह सिसेकली को केवल इसलिए अपने पद से हाथ धोना पड़ा, क्योंकि वह सड़कों पर साइकिल चलाते समय स्पोर्ट्स टाइट्स (टाइट कपड़े) पहने हुए नजर आए थे। एक एथलीट के तौर पर फिट रहने का उनका यह अंदाज सत्तारूढ़ दल के नेताओं को इतना नागवार गुजरा कि इसे सीधे राज्य की गरिमा और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ दिया गया। भारी सियासी बवाल के बाद तुर्किए सरकार ने तुगलकी फरमान सुनाते हुए उन्हें कुर्सी से ही हटा दिया, जिसके बाद पूरे देश में इस फैसले पर तीखी बहस छिड़ गई है।

**संसद में गूंजा पहनावे का मुद्दा, सरकार ने रातों-रात छीनी कुर्सी**

बीते हफ्ते तुर्किए की संसद में हुई एक बहस के दौरान यह मामला अचानक गरमा गया। सत्तारूढ़ दल के सांसद इनान अक्गुन अल्प ने एक स्थानीय समाचार वेबसाइट की रिपोर्ट का हवाला देते हुए गवर्नर के कपड़ों पर जोरदार हमला बोला। सांसद ने तर्क दिया कि अर्दहान प्रांत के गवर्नर का इस तरह टाइट कपड़े पहनकर पूरे शहर में साइकिल चलाना राज्य की गरिमा और पद की मर्यादा के सख्त खिलाफ है। उन्होंने यहां तक कहा कि जब गवर्नर के आगे सुरक्षाकर्मी चलते हैं, तो ऐसे गरिमामय पद पर बैठे व्यक्ति का सार्वजनिक रूप से इस तरह के लिबास में घूमना कतई उचित नहीं है। इस भारी राजनीतिक दबाव के बाद सरकार ने बिना कोई आधिकारिक कारण बताए सिसेकली को उनके पद से बर्खास्त कर दिया।

## इजराइल में भारतीय नागरिक की बेरहमी से हत्या, घर के अंदर लहूलुहान मिला शव; 31 वर्षीय संदिग्ध गिरफ्तार

यरूशलम (ए.)। विदेश में रोजगार की तलाश में गए एक भारतीय नागरिक की इजराइल के यरूशलम शहर में नृशंस हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कतामोन (Katamon) इलाके के एक घर में 40 वर्षीय भारतीय का शव खून से लथपथ हालत में मिला, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मोरिया पुलिस स्टेशन की टीम और फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। इजराइली पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए इस कत्ल के सिलसिले में 31 वर्षीय एक इजराइली नागरिक को गिरफ्तार कर लिया है।

### घर के फर्श पर चारों तरफ बिखरा था खून, आपराधिक वारदात का अंदेशा

इजराइल पुलिस के प्रवक्ता की ओर से जारी बयान के अनुसार, पुलिस को कतामोन इलाके के एक अपार्टमेंट में व्यक्ति के अचेत और खून से लथपथ पड़े होने की सूचना मिली थी। जब पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि 40 वर्षीय भारतीय प्रवासी मजदूर घर के फर्श पर मृत पड़ा हुआ था और चारों तरफ भारी मात्रा में खून बिखरा हुआ था। शुरुआती जांच और फॉरेंसिक सबूतों को देखने के बाद पुलिस ने साफ किया है कि यह पहली नजर में एक आपराधिक घटना (हत्या) का मामला प्रतीत होता है।हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस की विभिन्न टीमों को अलर्ट किया गया। जांच अधिकारियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए इजराइल के 'इलात' शहर के रहने वाले 31 वर्षीय एक स्थानीय नागरिक को इस कत्ल में संलिप्तता के संदेह में गिरफ्तार कर लिया।

## समुद्र में एक्टिव हुआ 'बायो-बम', होर्मुज में फंसे जहाजों के नीचे चिपकी इस 'चीज' से महासागरों पर मंडराया खतरा



दुबई (ए.)। मिसाइलों और बम धमाकों से गूंज रही फारस की खाड़ी में अब एक ऐसी अनसुनी और विनाशकारी तबाही जन्म ले रही है, जिसका निशाना सिर्फ दो देश नहीं बल्कि पूरी पृथ्वी के महासागर हैं। अमेरिका और ईरान के बीच पिछले चार महीनों से जारी भीषण जंग ने दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापारिक मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह ठप कर दिया है। यहां फंसे 1500 से अधिक विशाल वाणिज्यिक जहाज अब सिर्फ लोहे के ढांचे नहीं रहे, बल्कि एक खतरनाक 'बायो-बम' में तब्दील हो चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक नए शोध ने चेतावनी दी है कि इन जहाजों के निचले हिस्से में पनप रहे रहस्यमयी समुद्री जीव आने वाले दिनों में वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र को उस स्तर पर तबाह कर सकते हैं, जिसकी कल्पना से भी सिहरन पैदा होती है।

**600 अरब डॉलर के व्यापारिक रास्ते पर पनपा 'सुपर-स्प्रेडर' खतरा**

अमेरिका और ईरान के बीच फरवरी 2026 से जारी टकराव के कारण होर्मुज के रास्ते होने वाला सालाना करीब 600 अरब डॉलर का समुद्री ऊर्जा व्यापार पूरी तरह रुक गया है। इस वजह से फारस और ओमान की खाड़ी में 1500 से अधिक जहाज महीनों से एक ही स्थान पर खड़े रहने को मजबूर हैं। जहाजों के पानी में डूबे निचले हिस्सों (हल) पर काई, शंख, घोंघे और बार्नकल जैसे सूक्ष्मजीवों की मोटी परत जम गई है, जिसे वैज्ञानिक भाषा में 'बायोफाउलिंग' कहा जाता है। मैरीलैंड विश्वविद्यालय और वुड्स होल ओशनोग्राफिक इंस्टीट्यूशन के वैज्ञानिकों ने अपने ताजे शोध में इसे दुनिया भर के महासागरों के लिए एक बेहद खतरनाक और बड़ा 'सुपर-स्प्रेडर' इवेंट करार दिया है।

**व्यापार खुलते ही दुनिया के तटों पर होगा विनाशकारी जैविक हमला**

समुद्री वैज्ञानिकों का मानना है कि जंग रुकने के बाद जब ये जहाज दुनिया के विभिन्न देशों के बंदरगाहों की तरफ अपनी यात्रा शुरू करेंगे, तो वे अपने साथ इन खतरनाक विदेशी आक्रमणकारी प्रजातियों को भी ले जाएंगे। ये जीव दूसरे देशों के तटीय इलाकों में पहुंचकर वहां की स्थानीय समुद्री प्रजातियों और जैव विविधता को पूरी तरह निगल जाएंगे। इसका सबसे बड़ा और भयावह उदाहरण 'एशियन ग्रीन मसल' है, जिसने कैरिबियन और दक्षिण अटलांटिक महासागर में पहुंचकर वहां की स्थानीय समुद्री दुनिया का अस्तित्व ही मिटा दिया था। इसके अलावा, ये आक्रामक जीव दुनिया भर के बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखते हैं। जहाजों की रफ्तार थमी, ईंधन खर्च और प्रदूषण में भारी बढ़ोतरीजहाजों के निचले हिस्से पर जमी जीव-जंतुओं की यह मोटी परत न केवल जैव विविधता के लिए घातक है, बल्कि समुद्री परिवहन की रफ्तार और पर्यावरण के लिए भी एक बड़ा अभिशाप बन चुकी है। इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन (आईएमओ) के आंकड़ों के मुताबिक, जहाज के निचले हिस्से पर जमी काई की एक पतली परत भी घर्षण को इतना बढ़ा देती है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में 20 से 25 प्रतिशत तक का उछाल आ जाता है। यदि यह परत बार्नकल जैसे सख्त जीवों की हो, तो जहाज के ईंधन की खपत 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ जाती है, जिससे वैश्विक प्रदूषण का स्तर खतरनाक हद तक पहुंच सकता है।

## श्रीलंका में मच्छरों से निपटने के लिए सेना ने तैनात किए ड्रोन

### - डेंगू के प्रकोप से अब तक हुई 53 की मौत

कोलंबो (ए.)। वर्ष 2016 में मलेरिया मुक्त घोषित हो चुके श्रीलंका में इस समय डेंगू मच्छर का भयानक प्रकोप देखने को मिल रहा है। जनवरी से अब तक देश भर में 76,000 से अधिक डेंगू के मामले सामने आ चुके हैं, जबकि 53 लोगों की जान जा चुकी है। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की सरकार ने मच्छरों के प्रजनन स्थलों का पता लगाने के लिए वायुसेना के सैन्य ड्रोनों को मैदान में उतार दिया है।स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सबसे अधिक मामले राजधानी कोलंबो में दर्ज किए गए हैं। केवल जुलाई के शुरुआती दो हफ्तों में ही 18,000 से अधिक नए मरीज सामने आए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस नए प्रकोप के लिए डेंगू के सबसे घातक वैरिएंट डीईएनवी-2 को जिम्मेदार ठहराया है, जो लगभग 75 प्रतिशत मामलों में पाया गया है। हाल में आए चक्रवाती तूफानों के बाद जगह-जगह हुए जलभराव से एडीज मच्छरों के पनपने की अनुकूल स्थितियाँ बनी हैं। हालात पर काबू पाने के लिए वायुसेना के ड्रोन छतों और दुर्गम स्थानों पर जमा पानी की निगरानी कर रहे हैं। वहीं पुलिस और सार्वजनिक स्वास्थ्य कर्मचारियों की टीमें घरों, स्कूलों और व्यावसायिक परिसरों का गहन निरीक्षण कर रही हैं। अभियान के तहत अब तक करीब 11,000 से अधिक प्रजनन स्थलों को नष्ट किया गया है, जबकि लापरवाही बरतने वाले 4,000 से अधिक परिसरों पर भारी जुर्माना लगाया गया है। अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ के कारण बिस्तरों की संख्या और डॉक्टरों की कार्य अवधि बढ़ा दी गई है। कुछ अस्पतालों में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुने मरीज भर्ती हो रहे हैं, जिससे हल्के लक्षण वाले मरीजों को घर पर ही देखभाल की सलाह दी जा रही है।



# फीचर

## स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है लॉन बॉलिंग, जानिए इसके 5 फायदे



लॉन बॉलिंग एक लोकप्रिय खेल है, जिसे लोग अक्सर छुट्टियों में खेलते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह खेल आपके स्वास्थ्य के लिए कितने फायदेमंद हो सकता है? लॉन बॉलिंग न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह आपके शरीर और मन को स्वस्थ रखने में भी मदद कर सकता है। इस लेख में हम आपको लॉन बॉलिंग के छिपे हुए फायदों के बारे में बताएंगे, जो शायद आप नहीं जानते होंगे।

### मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में है मददगार

लॉन बॉलिंग खेलने से आपका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है। इस खेल में ध्यान केंद्रित करना पड़ता है, जिससे आपकी एकाग्रता बढ़ती है और तनाव कम होता है। जब आप इस खेल को नियमित रूप से खेलते हैं तो आपका मन शांत रहता है और आप अधिक सकारात्मक महसूस करते हैं।इसके अलावा यह खेल आपको नई रणनीतियां सोचने और लागू करने का मौका देता है, जिससे आपकी समस्या सुलझाने की क्षमता भी बढ़ती है।

### शारीरिक सक्रियता बढ़ाने में है सहायक

लॉन बॉलिंग खेलने से शारीरिक सक्रियता बढ़ती है। इस खेल में चलने, झुकने और गेंद फेंकने जैसी गतिविधियां शामिल होती हैं, जो आपके शरीर को सक्रिय रखती हैं। नियमित रूप से लॉन बॉलिंग खेलने से आपकी मांसपेशियां मजबूत होती हैं और लचीलापन बढ़ता है। इसके अलावा यह खेल आपके संतुलन और तालमेल को भी सुधारता है, जिससे आपकी शारीरिक क्षमता में वृद्धि होती है। इस प्रकार लॉन बॉलिंग एक बेहतरीन व्यायाम का विकल्प हो सकता है।

### सामाजिक संबंध मजबूत करने में है प्रभावी

लॉन बॉलिंग एक समूह खेल भी हो सकता है, जिससे सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं। जब आप दोस्तों या परिवार के साथ इस खेल को खेलते हैं तो आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। इससे आपके रिश्ते भी मजबूत होते हैं और आपसी विश्वास बढ़ता है।इसके अलावा यह खेल आपको नए दोस्त बनाने का मौका भी देता है, जिससे आपकी सामाजिक जीवन में विविधता आती है।

### आत्मविश्वास बढ़ाने में है मददगार

लॉन बॉलिंग खेलने से आपका आत्मविश्वास भी बढ़ सकता है। जब आप इस खेल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आपको सफलता का अनुभव मिलता है, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। इसके अलावा इस खेल को सीखने और उसमें निपुण होने की प्रक्रिया भी आपके आत्मविश्वास को मजबूत करती है। नियमित अभ्यास से आप अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने लगते हैं और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

### उम्र बढ़ने की प्रक्रिया धीमा करने में है सहायक

लॉन बॉलिंग उम्र बढ़ने की प्रक्रिया धीमा करने में भी मदद कर सकता है।इस खेल को खेलने से न केवल शारीरिक फायदें मिलते हैं बल्कि मानसिक फायदें भी मिलते हैं जैसे कि याददाश्त सुधारना और मानसिक स्पष्टता बढ़ाना आदि।इस प्रकार देखा जाए तो लॉन बॉलिंग सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि एक सम्पूर्ण फिटनेस पैकेज है जो हमारे जीवन को स्वस्थ और खुशहाल बना सकता है। इसलिए अगली बार जब आप छुट्टी पर हों तो लॉन बॉलिंग जरूर खेलें।

## रजनीकांत ने धर्मन के लिए कसी कमर, नए पोस्टर में जबरदस्त है थलाइवा का अंदाज


तमिल सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म थलाइवर 173 का आधिकारिक नामकरण हो चुका है। इसे धर्मन- द डेडली डॉक्टर शीर्षक दिया गया है। हाल ही में निर्माताओं ने इस ऐलान के साथ अभिनेता की पहली झलक भी सोशल मीडिया पर जारी की थी। अब ताजा अपडेट है कि सुपरस्टार ने अपनी इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। उनका एक और पोस्टर जारी किया गया है, जिससे फैंस के बीच उत्साह का माहौल है।

राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर रजनीकांत का पोस्टर जारी किया है। इसमें अभिनेता डॉक्टर का खून से लथपथ कोट हाथ में पकड़े हुए हैं। दूसरे हाथ में उनका पहचान पत्र है, जबकि गले में स्टेथोस्कोप पड़ा हुआ है और जमीन पर कई सारी बंदूक की गोलियां बिखरी हुई हैं। उनका यह अंदाज एक ऐसे डॉक्टर की एक्शन से भरपूर कहानी की तरफ संकेत देता है, जिसका एक खतरनाक विद्रोही पक्ष भी है।

निर्माता कमल हासन ने थलाइवर 173 का ऐलान इसी साल जनवरी में किया गया था। इसके जरिए वह और रजनीकांत पेशेवर तौर पर करीब 47 साल बाद साथ में आ रहे हैं। दोनों की आखिरी फिल्म अल्लाउदीनम अर्पुथा विलाक्कुम (1979) में आई थी। राशि खन्ना भी फिल्म में शामिल हो चुकी हैं और कुछ दिन पहले उन्होंने सेट से मुहूर्त की तस्वीरें साझा की थीं।

## मिर्जापुरः द मूवी से सामने आया जितेंद्र कुमार का लुक, बबलू पंडित किरदार से मचाएंगे भौकाल

अली फजल और पंकज त्रिपाठी की लोकप्रिय वेब सीरीज मिर्जापुर फिल्म के रूप में बड़े पर्दे पर आ रही है। हाल ही में फिल्म का धमाकेदार टीजर जारी हुआ, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। टीजर में सबसे ज्यादा चौंकाने वाला दृश्य पंचायत वाले जितेंद्र कुमार का था, जो फिल्म का हिस्सा बन चुके हैं। अब निर्माताओं ने फिल्म से उनका दमदार पोस्टर साझा करते हुए उनके किरदार का खुलासा किया है।




निर्माता फरहान अख्तर ने फिल्म से जितेंद्र का पोस्टर जारी किया है, जिसमें वह बंदूक लिए जबरदस्त अवतार में दिखाई दे रही है। कैप्शन में लिखा है, हमें साम्राज्य चलाना नहीं है, बनाना है। बबलू भैया आ रहे हैं अब बड़े पर्दे पर। दरअसल वह गुड्डू पंडित के छोटे भाई बबलू पंडित के किरदार में है, जिसे सीरीज में विक्रांत मैसी ने निभाया था। फिल्म 4 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रवि किशन भी इसका अहम हिस्सा हैं।

जितेन्द्र कुमार का हाथ में बंदूक थामे नया लुक हर किसी को पसंद आ रहा है। जितेन्द्र, बबलू पंडित के रूप में एक्शन के लिए तैयार दिख रहे हैं। जितेंद्र के इस पोस्टर को साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, हमें एम्पायर चलाना नहीं, बनाना है।, बबलू भैया आ रहे हैं।

फिल्म में मिर्जापुर की गद्दी के लिए पुराना खूनी खेल तो दिखेगा ही, लेकिन इस बार लड़ाई मिर्जापुर से लेकर रेगिस्तान की रेत तक पहुंचेगी। फिल्म में पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया), अली फजल (गुड्डू पंडित) और दिव्येंदु शर्मा (मुन्ना भैया) की मुख्य तिकड़ी के साथ श्वेता त्रिपाठी, रसिका दुग्गल और सोनल चौहान जैसे कई बड़े कलाकार नजर आएंगे।

## आलिया भट्ट की सोहम शाह की तुम्बाड 2 में एंट्री, हॉरर फिल्म से मचाएंगी तहलका



सोहम शाह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म तुम्बाड 2 के लिए दिन-रात एक कर रहे हैं। इस हॉरर थ्रिलर का दायरा और इससे जुड़ी लोगों की उम्मीदें कई गुना बढ़ गई हैं, क्योंकि आलिया भट्ट फिल्म का आधिकारिक हिस्सा बन चुकी हैं। खुद निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए इस राज से पर्दा उठा दिया है। दरअसल, काफी वक्त से अटकलें थीं कि आलिया तुम्बाड 2 में नजर आएंगी और अब इसकी पुष्टि भी हो गई है। सोहम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म के सिग्नेचर लाल बैकग्राउंड के सामने आलिया के साथ कई तस्वीरें साझा की हैं। इनमें शैतानी गुड़िया, लाल घेरा और एक लालटेन भी नजर आ रहा है, जो तुम्बाड (2018) के सिग्नेचर प्रॉप्स हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। सतुम्बाड2 में आपका स्वागत है, आलिया भट्ट। प्रलय आएगा। सिनेमा में मिलते हैं। 03.12.2027 को। बता दें, तुम्बाड 2 अगले साल 3 दिसंबर को सिनेमाघरों में आएगी।

## टोफू असली है या मिलावटी? जानिए फर्क करने के कुछ आसान तरीके

दूध से बने पनीर की तरह दिखने वाला टोफू सोयाबीन से बनाया जाता है और यह शाकाहारियों के लिए प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत है। इसका सेवन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में मदद कर सकता है। हालांकि, हाल ही में सोशल मीडिया पर यह चर्चा है कि बाजार में बिकने वाला अधिकांश टोफू नकली होता है। असली और मिलावटी टोफू के बीच अंतर समझ पाना थोड़ा मुश्किल है। ऐसे में ये तरीके पहचान करने में आपकी मदद कर सकते हैं।

### असली और नकली टोफू में क्या है अंतर?

असली टोफू सोयाबीन से बनाया जाता है और इसका रंग क्रीम होता है, जबकि नकली टोफू का रंग सफेद होता है। नकली टोफू बनाने के लिए सोयाबीन के अलावा कई तरह के रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है।

असली टोफू को हाथ से तोड़ने पर फाड़ा जा सकता है, जबकि नकली टोफू को तोड़ने पर उसकी बनावट अलग लगती है।असली टोफू की बनावट चिकनी होती है, जबकि नकली टोफू को हाथ से छूने पर खुरदरा महसूस होता है।

### असली टोफू की पहचान के लिए इन तरीकों का करें इस्तेमाल



असली टोफू की पहचान के लिए सबसे पहले इसके लेबल को पढ़ें और देखें कि क्या उस पर सोयाबीन लिखा हुआ है। अगर आपके पास कोई टोफू है तो उसे हाथ से तोड़कर देखें।अगर वह आसानी से टूट जाता है तो समझ जाएं कि वह असली है। इसके अलावा असली टोफू का रंग क्रीम होता है, जबकि नकली टोफू का रंग सफेद होता है।नकली और असली टोफू का स्वाद भी अलग होता है।क्या नकली टोफू खाना सेहत के लिए है नुकसानदायक?नकली टोफू में इस्तेमाल होने वाले रसायन सेहत पर बुरा असर डाल सकते हैं। इससे शरीर में हानिकारक तत्वों का स्तर बढ़ सकता है और कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।नकली टोफू का सेवन करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर हो सकती है और पाचन तंत्र भी प्रभावित हो सकता है।इसलिए, नकली टोफू का सेवन करने से बचें और असली टोफू को ही अपने खाने में शामिल करें।

### असली टोफू के फायदे

असली टोफू प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत है और यह फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है।

यह दिल को स्वस्थ रखने, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने और कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है।

असली टोफू का सेवन हड्डियों को मजबूत बनाने, पाचन को सुधारने और त्वचा को निखारने में भी सहायक है। इससे आपकी सेहत को कई लाभ मिल सकते हैं।

## अमर शहीद कौशल यादव के 27वें शहादत दिवस पर आज हुडको स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि समारोह

भिलाई, (आरएनएस)। कारगिल युद्ध के वीर चक्र सम्मानित अमर शहीद कौशल यादव के 27वें शहादत दिवस पर 25 जुलाई को भिलाई के हुडको स्थित कौशल यादव स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि एवं स्मृति समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में सुबह 11 बजे होगा।गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष हरप्रीत सिंह ने बताया कि समारोह में शहीद कौशल यादव के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति, राष्ट्रसेवा और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने का एक प्रयास है।समारोह के दौरान रक्तदान शिविर और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। फाउंडेशन ने प्रदेश के पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं, युवाओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अमर शहीद कौशल यादव को श्रद्धासुमन अर्पित करने की अपील की है।प्रेसवार्ता में हरप्रीत सिंह (पूर्व सैनिक एडवेंचर), कैप्टन ओ.पी. सिंह, मनीष शर्मा, वी.के. सिंह, बेनी प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार और नेहा मोदी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला की संदिग्ध मौत : खुले प्लॉट में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

रायपुर,(आरएनएस)। राजधानी रायपुर के मुजगहन थाना क्षेत्र में एक महिला का शव खुले प्लॉट में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मुजगहन थाना पुलिस, एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, डुंडा स्थित स्वागत विहार कॉलोनी के एक खुले प्लॉट में बुधवार दोपहर महिला का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने शव देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी और रायपुर पश्चिम जोन के डीसीपी रॉबिनसन गुरिया मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस जांच में मृतका की पहचान सुभद्रा साहू (35 वर्ष) के रूप में हुई है। वह बोरियाकला की रहने वाली थी और घरों में काम कर परिवार का भरण-पोषण करती थी। बताया जा रहा है कि वह रोज की तरह काम पर निकली थी, लेकिन कुछ देर बाद उसका शव खुले प्लॉट में मिला।

पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। एफएसएल और डॉग स्क्वायड की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## रायपुर में गौवंश के साथ कथित अनाचार का मामला, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के उरला थाना क्षेत्र में गौवंश के साथ कथित अनाचार का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उरला थाने में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, सत्य नगर बीरगांव निवासी एवं विश्व हिंदू परिषद बंजारी प्रखंड के सहमंत्री वीरेंद्र विश्वकर्मा ने लिखित शिकायत में बताया कि 21 जुलाई की सुबह उन्हें सूचना मिली कि राजेंद्र नगर उरला निवासी सूरज कुमार ने गौवंश के साथ कथित रूप से आपत्तिजनक कृत्य किया है। शिकायत में इसे धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बताते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

## सड़कों से हटेंगे बेसहारा मवेशी, निगम ने 18 मवेशियों को अर्जुनी गौठान भेजा

धमतरी, (ए.)। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने के उद्देश्य से नगर पालिका निगम धमतरी ने बेसहारा मवेशियों के खिलाफ विशेष अभियान तेज कर दिया है। आयुक्त अरुण कुमार वर्मा के निर्देश पर निगम की टीम ने अंबेडकर चौक से कलेक्ट्रेट मोड़ तक सघन कार्रवाई करते हुए 18 आवारा मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित रूप से अर्जुनी गौठान भेजा।नगर निगम का कहना है कि मुख्य मार्गों पर खुले घूमने वाले मवेशियों के कारण यातायात प्रभावित होता है और राहगीरों व वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नियमित धरपकड़ अभियान संचालित किया जा रहा है, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु रहे और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। आयुक्त अरुण कुमार वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए अभियान लगातार जारी रखा जाए। नगर निगम आयुक्त अरुण कुमार वर्मा ने मवेशी मालिकों से कहा कि मवेशी मालिक अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़ें, बल्कि उन्हें घर अथवा निर्धारित स्थान पर सुरक्षित रखें। खुले में मवेशी छोड़ने वाले पशुपालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## बहुड़ा गोंच रथयात्रा-कपाट फेड़ा पूजा विधान के साथ श्रीजगन्नाथ स्वामी पहुचे श्रीमंदिर



जगदलपुर,(ए.)। बस्तर गोंचा महापर्व में आज शुक्रवार को बहुड़ा गोंचा रथयात्रा पूजा विधान के तहत भगवान श्रीजगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी के विग्रहों को रथारूढ़ कर परंपरानुसार जिस मार्ग से श्रीगोंचा रथयात्रा पूजा विधान के दौरान गुंडिचा मंदिर-जनकपुरी-सीरासार भवन पहुचे थे, उसी मार्ग से वापस श्रीजगन्नाथ मंदिर पहुचें।श्रीमंदिर पहुचने पर परंपरानुसार पूजा अनुष्ठान के बाद कपाट फेड़ा पूजा विधान के तहत महालक्ष्मी-नारायण संवाद हुआ। जिसमें हेरापंचमी पूजा विधान में रूठी हुई महालक्ष्मी के द्वारा भगवान श्रीजगन्नाथ के वापस श्रीमंदिर पहुचने पर गर्भगृह का दरवाजा बंद कर अपनी नाराजगी प्रगट करती है। भगवान श्रीजगन्नाथ अपनी भार्या महालक्ष्मी को मनाने के प्रसंग, जिसमे महालक्ष्मी-नारायण का संवाद हुआ जिसका निर्वहन 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने किया। इसे जिसे कपाट फेडा पूजा विधान कहते है। कपाट फेडा पूजा विधान के सम्पन्नता के साथ ही रूठी हुई महालक्ष्मी श्रीमंदिर का दरवाजा खोल देती है। भगवान जगन्नाथ 25 दिनों तक श्रीमंदिर के गर्भगृह से बाहर रहने के बाद आज पुनः श्रीमंदिर के गर्भगृह में समस्त भक्तो-श्रधालुओं के दर्शनार्थ स्थापित हुए। भगवान श्रीजगन्नाथ श्रीमंदिर के गर्भगृह में स्थापित होने के साथ ही बस्तर गोंचा पर्व की सम्पन्नता लगभग पूरी हो जाती है।बहुड़ा गोंचा रथयात्रा पूजा विधान एवं कपाट फेडा पूजा विधान के शाब्दिक अर्थो को जानने-समझने के लिए यह जानना आवश्यक है कि भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी, भगवान श्रीकृष्ण के अवतार माने जाते है। भगवान श्रीकृष्ण मनुष्य रूप में अवतरित हुये थे। तदानुसार भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी की पूजा अनुष्ठान-सेवा भी मनुष्य रूप में ही की जाती है।बस्तर गोंचा पर्व के समस्त पूजा विधान इसी परंपरा पर आधारित है।

## मानसून बाइक रैली से पर्यटन, स्वच्छता और सुरक्षित यातायात का दिया संदेश



धमतरी (आरएनएस)। धमतरी जिले के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के संरक्षण, पर्यटन को बढ़ावा देने तथा स्वच्छता और सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुक्रवार सुबह जिला प्रशासन ने मानसून बाइक रैली का आयोजन किया। सुबह 7 बजे संयुक्त जिला कार्यालय (कलेक्ट्रेट) परिसर से शुरू हुई यह रैली रुद्री चौक होते हुए प्रसिद्ध नरहरा जलप्रपात तक पहुंची। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने स्वच्छ पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित यातायात का संदेश दिया।रैली में जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, युवा बाइक राइडर्स तथा बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने यातायात नियमों का पालन करते हुए अनुशासित ढंग से बाइक चलाई और लोगों को हेलमेट पहनने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध जिला है। इन स्थलों का संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक जिले के जलप्रपातों और प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण करने आते हैं, इसलिए पर्यावरण संरक्षण, साफ-सफाई और सुरक्षित यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से मानसून बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने प्लास्टिक मुक्त पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन का संदेश देते हुए लोगों से प्राकृतिक स्थलों की सुंदरता बनाए रखने में सहयोग की अपील की। जिला प्रशासन ने विश्वास जताया कि इस पहल से जिले में पर्यटन को नई पहचान मिलेगी तथा स्वच्छ, सुरक्षित और जिम्मेदार पर्यटन की संस्कृति को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

## छत्तीसगढ़ में सड़क सुरक्षा के लिए आईआईटी मद्रास के साथ ऐतिहासिक एमओयू

### -10 संवेदनशील जिलों में होगा पहले चरण का क्रियान्वयन

रायपुर,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास के सड़क सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आज रायपुर में डेटा-आधारित हाइपरलोकल इंटरवेंशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप थे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन एवं आईआईटी मद्रास CoERS के बीच कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में वैज्ञानिक एवं डेटा-आधारित दृष्टिकोण से कमी लाना है। कार्यशाला में अधिकारियों को बताया गया कि सड़क दुर्घटना डेटा का विश्लेषण कर ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान की जाएगी हाइपरलोकल सड़क सुरक्षा उपाय और कम लागत वाले अभियांत्रिकी हस्तक्षेप किए जाएंगे। 'संजय' प्लेटफॉर्म के माध्यम से ब्लैक स्पॉट की समय पर पहचान कर साक्ष्य-आधारित निर्णय लिए जाएंगे। प्रथम चरण में राज्य के सड़क दुर्घटना की दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील 10 जिलों को चिन्हित किया गया है। इन जिलों में जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद प्रत्येक जिले के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप डेटा-आधारित सड़क सुरक्षा कार्ययोजना तैयार की जाएगी।परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रत्येक सड़क दुर्घटना किसी परिवार के लिए अपूरणीय क्षति होती है।

# खेल समाचार

## Asian Games 2026: भारत-पाक महामुकाबले पर लटकी बड़ी शर्त, जानिए किस स्टेज पर होगी दोनों की भिड़ंत



आइची-नागोया (ए.)। एशियाई खेलों के महाकुंभ में एक बार फिर टी-20 क्रिकेट का रोमांच सिर चढ़कर बोलने को तैयार है, जिसने अभी से करोड़ों फैंस की धड़कनें तेज कर दी हैं। जापान में होने वाले 2026 के इस वैश्विक इवेंट का आधिकारिक ड्रा और शेड्यूल सामने आ चुका है। भारत इस बार भी मैदान में अपने पुराने दबदबे के साथ उतरेगा, जहां पुरुष और महिला दोनों ही टीमों के कंधों पर अपने स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) को बचाने की भारी जिम्मेदारी होगी। हालांकि, टूर्नामेंट के ऐलान के साथ ही क्रिकेट प्रेमियों के लिए सबसे बड़ा सवाल यह है कि चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान का हाई-वोल्टेज मुकाबला कब होगा? ड्रा के मुताबिक, दोनों टीमों की टक्कर इस बार सिर्फ एक विशेष परिस्थिति में ही संभव हो पाएगी।

### सेमीफाइनल या फाइनल में ही टकराएंगे भारत और पाकिस्तान

टूर्नामेंट के घोषित नियम और सीडिंग व्यवस्था के तहत भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश की पुरुष टीमों को टॉप सीड का दर्जा मिला है, जिसके कारण ये चारों टीमें सीधे क्वार्टर फाइनल में अपनी चुनौती पेश करेंगी। अहम बात यह है कि सीडिंग के कारण भारत और पाकिस्तान को टूर्नामेंट के अलग-अलग हाफ (ग्रुप) में रखा गया है। इसका सीधा अर्थ यह है कि लीग या शुरुआती नॉकआउट दौर में दोनों का सामना नहीं होगा। यदि दोनों टीमें अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर आगे बढ़ती हैं, तो फैंस को यह महामुकाबला केवल सेमीफाइनल या फिर सीधे खिताबी जंग (फाइनल) में ही देखने को मिलेगा।भारतीय पुरुष टीम की तरह ही महिला टीम भी अपने खिताब की रक्षा के लिए सीधे क्वार्टर फाइनल से मैदान में उतरेगी। पहले ही मुकाबले में भारतीय बेटियों का सामना मेजबान जापान की टीम से होगा। इस क्वार्टर फाइनल को जीतने के बाद सेमीफाइनल में भारत की भिड़ंत बांग्लादेश या चीन में से किसी एक टीम से होगी। वहीं, दूसरे हाफ के सेमीफाइनल में श्रीलंका या मलेशिया की विजेता टीम का सामना पाकिस्तान या थाईलैंड से होगा। महिला वर्ग के ड्रा से भी स्पष्ट है कि भारत और पाकिस्तान की महिला टीमों के बीच भी खिताबी मुकाबला (फाइनल) ही एकमात्र ऐसा मौका होगा, जहां दोनों आमने-सामने आ सकती हैं।एशियन गेम्स के इतिहास में यह केवल चौथा मौका है जब क्रिकेट को शामिल किया गया है; इससे पहले 2010, 2014 और 2023 के खेलों में फैंस को यह रोमांच देखने को मिला था। इस बार सभी मुकाबले टी-20 फॉर्मेट में होंगे और इन्हें आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय (इंटरनेशनल) दर्जा प्राप्त होगा।

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 : भारत का पहला पदक पक्का, लवलीना सेमीफाइनल में पहुंचीं

ग्लासगो (ए.)। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की ओपनिंग सेरेमनी से पहले ही भारत ने अपना पहला पदक सुनिश्चित कर लिया है। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को 'बाय' मिला है। इसके माध्यम से सीधे सेमीफाइनल में पहुंचते हुए उन्होंने अपना पदक सुनिश्चित कर लिया।

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली लवलीना बोरगोहेन 'बाय' मिलने के बाद महिलाओं के 75 किग्रा कैटेगरी के सेमीफाइनल में सीधे पहुंची। ड्रॉ में सिर्फ पांच एथलीट थे, इसलिए लवलीना समेत तीन खिलाड़ी सीधे 'अंतिम-4' (सेमीफाइनल) में पहुंच गए, जबकि बाकी दो खिलाड़ियों को एकमात्र क्वार्टरफाइनल मैच खेलना था। कॉमनवेल्थ गेम्स के बॉक्सिंग नियमों के तहत, सेमीफाइनल में हारने वाले सभी खिलाड़ियों को कांस्य पदक दिया जाता है। इसका मतलब है कि ग्लासगो में अपना पहला मुकाबला खेलने से पहले ही लवलीना का कांस्य पदक पक्का हो गया है।

## अनाहत वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश के सेमीफाइनल में पहुंची



### दूसरी बार ये उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी

ओंटारियो (ए.)। भारत की अनाहत सिंह ने जीत के साथ ही लगातार दूसरी बार वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश के सेमीफाइनर में प्रवेश किया है। अनाहत ये उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। अनाहत ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मिस्र की हबीबा रिजक को 11-7, 11-5, 6-11, 11-9 से हराया। अब सेमीफाइनल में अनाहत का सामना मिस्र की ही बारब सामेह से होगा।

वहीं महिला वर्ग के अन्य मुकाबलों में भी मिस्र की ही खिलाड़ी हावी रहीं। बारब सामेह और मलिका एल्कराक्सी ने हांगकांग, चीन की हेलेन टैंग और बेल्जियम की सवाना मोक्सहैम को सीधे गेम में हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। बारब ने हेलेन को 11-1, 11-9, 11-7 से और मलिका ने सवाना को 11-8, 11-8, 11-5 से हराया। इसके अलावा, मिस्र की रुकैया सलेम ने भी एक बेहद रोमांचक मुकाबले में मलेशिया की व्हिटनी विल्सन को पांच गेम तक चले मुकाबले के बाद अंतिम चार में अपनी जगह बनायी। रुकैया ने 4-11, 11-5, 8-11, 11-9, 11-7 के स्कोर से जीत दर्ज की।

दूसरी ओर पुरुष वर्ग में भी कई दिलचस्प मुकाबले देखने को मिले। इसमें भी मिस्र के ही खिलाड़ी हावी रहे। दूसरी वरीयता प्राप्त मिस्र के एडम हवल ने सऊदी अरब के मोहम्मद अलनासफान को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-3) से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। एक अन्य कड़े मुकाबले में, मिस्र के मारवान असल ने फ्रांस के अमीर खालिद-जौसेलिन को पांच गेम तक चले संघर्षपूर्ण मैच में 11-7, 7-11, 7-11, 11-6, 11-7 से हराया। ब्रिटिश जूनियर चैंपियन और सीडिंग 3/4 सेफेल्डिन रेफे ने बेल्जियम के मैडॉक्स मोक्सहैम को सीधे गेम में 11-6, 11-7, 11-9 से हराया।

## लुका मोड्रिक ने एक साल के लिए बढ़ाया एसी मिलान संग अपना करार

मिलान (ए.)। क्रोएशिया के दिग्गज फुटबॉलर लुका मोड्रिक ने अपने शानदार खेल करियर को एक और साल आगे बढ़ाने का फैसला किया है। उन्होंने इटली के क्लब एसी मिलान के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट बढ़ा लिया है। क्लब ने इसकी आधिकारिक जानकारी दी है। मोड्रिक अब 30 जून 2027 तक एसी मिलान के साथ जुड़े रहेंगे। सितंबर में 41 साल के होने जा रहे मोड्रिक ने पिछले साल रियल मैड्रिड के साथ 13 साल का सफल सफर खत्म करने के बाद मिलान का दामन थामा था। एसी मिलान के साथ उनका पिछला करार 30 जून को समाप्त हो गया था। अपने पहले सीजन में मोड्रिक ने एसी मिलान के लिए 37 मुकाबले खेले और दो गोल किए। हालांकि, टीम का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। मिलान सेरी ए में पांचवें स्थान पर रहा और कोपा इटालिया में टीम अंतिम-16 दौर तक ही पहुंच सकी। मोड्रिक ने पहले कहा था कि वह फीफा वर्ल्ड कप 2026 के बाद अपने भविष्य को लेकर फैसला करेंगे। हालांकि, अब उन्होंने क्लब फुटबॉल में अपना सफर जारी रखने का फैसला किया है।

क्रोएशिया की टीम वर्ल्ड कप में पुर्तगाल से हारकर राउंड ऑफ-32 से बाहर हो गई थी। एसी मिलान ने अपने बयान में कहा कि मोड्रिक ने एक और सीजन के लिए क्लब के साथ नया करार किया है। क्लब ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि मिडफील्ड में आने के बाद से मोड्रिक ने अपने अनुभव, मेहनत और खेल कौशल से टीम को मजबूती दी है। वह नए सीजन में भी टीम के लिए अहम भूमिका निभाएंगे।

2018 में बैलन डी ओर जीतने वाले मोड्रिक अगले सीजन में भी एसी मिलान की नंबर-14 जर्सी पहनेंगे। मोड्रिक ने 2012 में इंग्लैंड के क्लब टोटेनहम हॉटस्पर से रियल मैड्रिड का रुख किया था।

## मुरलीधरन ने करियर के अंतिम मैच में पूरे किये थे अपने 800 टेस्ट विकेट

कोलंबो (ए.)। विश्व क्रिकेट में एक से बढ़कर एक स्पिनर हुए हैं उन्हीं में से एक हैं श्रीलंका के दिग्गज खिलाड़ी मुथैया मुरलीधरन। मुरलीधरन ने अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को नचाया है। उनके नाम 800 टेस्ट विकेट का ऐतिहासिक रिकार्ड है जो आज तक कायम है। दुनिया को कोई भी स्पिनर उनका ये रिकार्ड तोड़ने की बात तो दूर उनके पास भी नहीं पहुंच पाया है। मुरलीधरन ने अपने अंतिम मैच में भी एक अनोखा रिकार्ड अपने नाम किया था। उन्होंने इस मैच में 8 विकेट लेकर अपने 800 विकेट पूरे किये थे। भारत के खिलाफ हुए इस मैच में मुरलीधरन भारतीय टीम के स्टार ऑलराउडर युवराज सिंह, हरभजन सिंह सहित कई खिलाड़ियों को आउट किया था। इस मैच में जब भारत की अंतिम जोड़ी खेले रही थी तब मुरलीधरन को 800 विकेट पूरे करने के लिए एक विकेट की जरुरत थी और बल्लेबाज प्रज्ञान ओझा के आउट होते ही, मुरलीधरन ने अपने करियर का 800वां और अंतिम टेस्ट विकेट हासिल कर इतिहास रच दिया था।

## वैभव सूर्यवंशी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने



हरारे (ए.)। वैभव सूर्यवंशी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले दुनिया के सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने गुरुवार को 15 साल और 118 दिन की उम्र में जिम्बाब्वे के विरुद्ध हरारे स्पोर्ट्स क्लब में यह कारनामा किया।

वैभव ने 19 गेंदों में 4 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 50 रन की पारी खेली। इसी के साथ वैभव ने जिब्राल्टर के बल्लेबाज लुई ब्रूस का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने साल 2021 में माल्टा के विरुद्ध 16 साल और 56 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया था। इस लिस्ट में कविन चड्ढा तीसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने साल 2026 में इंडोनेशिया की तरफ से खेलते हुए 16 साल और 76 दिन की उम्र में स्वीडन के विरुद्ध यह कारनामा किया था। सिएरा लियोन के अलुसीन तुरे इस लिस्ट में चौथे पायदान पर हैं, जिन्होंने 16 साल और 89 दिन की उम्र में घाना के खिलाफ साल 2023 में अर्धशतक जड़ा था। वहीं, भूटान के तेनजिन रबगी (16 वर्ष 118 दिन) इस लिस्ट में पांचवें स्थान पर हैं, जिन्होंने साल 2023 में चीन के खिलाफ अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक लगाया था। पूर्ण-सदस्यीय टीम की तरफ से अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाजों की लिस्ट में अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज दूसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने साल 2019 में जिम्बाब्वे के विरुद्ध ऐसा किया था। उस समय रहमानुल्लाह 17 साल और 296 दिन की उम्र के थे।वैभव सूर्यवंशी ने 15 साल और 99 दिन की उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया था, जिसके साथ वह सचिन तेंदुलकर को पछाड़कर इस मामले में सबसे युवा भारतीय बने थे। 'मास्टर-ब्लास्टर' सचिन तेंदुलकर ने 16 साल और 205 दिन की उम्र में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। भारतीय महिलाओं में शेफाली वर्मा (15 साल और 239 दिन) शीर्ष पर हैं। वैभव ने इंग्लैंड दौरे पर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था, जिसमें 14 रन बना सके।

## टी-20 सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा भारत, जिम्बाब्वे के सामने वापसी की चुनौती

हरारे, (ए.)। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में पहली जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम शनिवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी-20 मुकाबले में जीत हासिल करके तीन मैचों की श्रृंखला अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी। पहले मुकाबले में सात विकेट से मिली शानदार जीत के साथ भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है और अब उसकी नजर अजेय बढ़त पर होगी।आयरलैंड (0-2) और इंग्लैंड (0-4) के खिलाफ लगातार सीरीज हारने के बाद भारत ने पहले टी-20 में दमदार प्रदर्शन करते हुए आत्मविश्वास हासिल किया। युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 19 गेंदों में अर्धशतकीय पारी और तेज गेंदबाज मयंक यादव के 4 ओवर में 18 रन देकर दो विकेट ने भारत की जीत की नींव रखी।126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने छह ओवर से अधिक शेष रहते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। वैभव के तूफानी अर्धशतक के अलावा ईशान किशन ने 35 रन और कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 28 रन की संयमित पारी खेली।

# शिक्षा और संस्कार मनुष्य के लिए बहुत आवश्यक है-डॉ शर्मा

## स्कूल परिसर की सड़क, शेष बाउंड्रीवाल और विद्यार्थियों को साइकिल देने की घोषणा की शिक्षा से ही समाज को नई दिशा मिलती है-पं भवानी शंकर शर्मा







### जासलपुर हाईस्कूल में विधायक डॉ शर्मा व अन्य अतिथियों ने किया पौधरोपण

नर्मदापुरम (निप्र)। विद्यर्थियों शिक्षा और संस्कार मनुष्य के लिए बहुत आवश्यक है। आप लोग मन लगाकर पढ़ाई करें। आगे बढ़े, आप का भविष्य उज्जवल हो। स्कूल की जो भी समस्याएं हैं उनका निराकरण किया जाएगा। स्कूल की जो शेष बाउंड्री वाल उसे बनवाई जाएगी। तथा मुख्य मार्ग से स्कूल तक की सड़क का निर्माण होगा। जो बच्चे दूर से आते हैं उनको साईकिल प्रदान की जाएगी। यह घोषणा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व नर्मदापुरम विधायक डॉ शर्मा ने जासलपुर के शासकीय हाई स्कूल परिसर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में की। विधायक डॉ शर्मा द्वारा अधिकारियों को स्कूल में बुलाकर मेन रोड से स्कूल तक मार्ग गेट और वाउंड्रीवाल बनाने के लिए नपाई कर स्टीमेट बनाने के लिए कहा।

जासलपुर हाईस्कूल में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीताशरण शर्मा अध्यक्षता पूर्व जिपं अध्यक्ष पं भवानीशंकर शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे तहसीलदार सरिता मालवीय सरपंच नीलू मेहरा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा ने किया। सामूहिक सरस्वती वंदना कक्षा नौवी एवं दसवी के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की।वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पं भवानी शंकर शर्मा ने कहा कि शिक्षा से ही समाज को नई दिशा मिलती है। विद्यार्थियों आप ज्ञानवान बने, संस्कारबान बने। उन्होने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की बात कही।विशिष्ठ अतिथि जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे ने कहा कि स्कूल में जो भी समस्याएं हैं उनका निराकरण आज से ही प्रारंभ होगा। विद्यार्थियों फर्नीचर की व्यवस्था की जाएगी ,वाउंड्री बनेगी। तहसीलदार सरिता मालवीय ने कहा कि यहां स्कूल के कार्यक्रम में जो अपनापन दिखा उससे बहुत अच्छा लगा। स्वागत भाषण प्राचार्य आशुतोष दुबे ने देते हुए कहा कि मुझे इस स्कूल में आए हुए ज्यादा समय नहीं हुआ है। लेकिन इस तरह के कार्यक्रम में जो अपनापन देखने को मिला उससे बहुत प्रसन्नता हुई। आभार प्रदर्शन शिक्षक मुकेश राजपूत ने किया। कार्यक्रम में शिक्षिका श्रद्धा शुक्ला, शीला दीक्षित, सारिका दुबे, मोनिका जोशी, केएल बिहारे, एमके राजपूत, बीडी मारकाम सहित शिक्षकगण गांव के नागरिक और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। पौधारोपण के दौरान रिमझिम फुहारों ने भी अतिथियों का स्वागत किया। अतिथिगणों द्वारा स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार फलदार, पौधों का रोपण किया गया। उनके संरक्षण के लिए सभी ने संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जय प्रकाश पत्रकार पंकज शुक्ला, संजीव खापरे, मुकेश भदोरिया, सरपंच प्रतिनिधि दीपक मेहरा सहित अनेक गांव के लोग शामिल रहे। इस तरह के कार्यक्रम से शाला परिवार काफी अभिभूत हुआ।

## राज्यसभा सांसद माया नारोलिया का दिल्ली प्रवास, नारी सशक्तिकरण व कृषि समृद्धि हेतु राष्ट्रीय नेतृत्व से गहन नीतिगत विमर्श



नर्मदापुरम (निप्र)। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान राष्ट्रीय परिदृश्य के मूर्धन्य नेतृत्व एवं केंद्रीय मंत्रियों से शिष्टाचार भेंट कर नारी सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता एवं केंद्रीय जन-कल्याणकारी योजनाओं के सुचारू निष्पादन संबंधी सर्वसमावेशी विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक संवाद संपन्न किया। सांसद श्रीमती नारोलिया ने नई दिल्ली स्थित मोती बाग में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष तथा भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती विजया ताई राहटकर के आधिकारिक आवास पर उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस बैठक के दौरान भारत सरकार एवं आयोग द्वारा महिलाओं की विधिक सुरक्षा, सामाजिक स्वावलंबन तथा सर्वांगीण संवर्धन हेतु स्थापित वैधानिक उपबंधों व नीतियों पर गहन मंथन हुआ। सांसद श्रीमती नारोलिया ने रेखांकित किया कि किस प्रकार केंद्र व राज्य की नीतियां जमीनी स्तर पर महिलाओं के स्वाभिमान, लैंगिक समानता और नेतृत्व-क्षमता को नव-उन्मेष प्रदान कर रही हैं।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री से दूरगामी नीतियों पर मार्गदर्शन

सांसद नारोलिया ने देश के यशस्वी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा संचालित कृषि-विकास एवं ग्रामीण उत्थान से आच्छादित विविध जन-हितैषी योजनाओं के राष्ट्रव्यापी एवं मध्य प्रदेश में प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई।

# जुमेराती के विद्यालयों में नैतिक शिक्षा एवं नशा मुक्ति कार्यशाला आयोजित



नर्मदापुरम (निप्र)। गायत्री परिवार नर्मदापुरम के तत्वावधान में शुक्रवार को शासकीय बहुउद्देशीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक शाला जुमेराती एवं शासकीय माध्यमिक शाला जुमेराती में नैतिक शिक्षा एवं नशा मुक्ति विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में गायत्री परिवार के उमेश कुमार सिंह एवं ओमप्रकाश गौर ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के महत्व अनुशासित जीवन तथा नशे से होने वाले शारीरिक मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि युवा पीढ़ी यदि नैतिक मूल्यों को अपनाए और नशे से दूर रहेए तो वह स्वयं परिवार एवं समाज के उज्वल भविष्य का निर्माण कर सकती है।

कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को नशा न करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला की प्राचार्या श्रीमती साधना बिलथरिया श्रीमती भगवती वर्मा श्रीमती नीलिमा शुक्ला सुश्री पद्मा पांडे श्रीमती रेखा पांडे योगेश साहू तथा शासकीय माध्यमिक शाला से श्रीमती रोशनी भावसार श्रीमती साधना सोलंकी एवं श्रीमती उमाकांति दुबे एवं माध्यिमक शाला से श्रीमती रोशनी भावसारश्रीमती साधना सोलंकी श्रीमती उमकांति दुबे सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### ग्राम पंचायत दम दम में निःशुल्क जन स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला प्रशासन नर्मदापुरम एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोलरिया के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत दम दम में निःशुल्क जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया गया। महिलाओं, वृद्धों एवं बच्चों के लिए विशेष जांच काउंटर स्थापित किए गए थे, जहां ब्लड प्रेशर, बीपी सहित अन्य प्राथमिक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।शिविर में प्रमुख रूप से डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाइयां निःशुल्क प्रदान कीं। जिंदगी को हां और नशे को ना कहें संदेश के साथ ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा, वापसी यात्रा डोंगरवाड़ा पहुंची

## श्रद्धालुओं ने जगह जगह किया भगवान का पूजन



नर्मदापुरम (निप्र)। भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा यानी वापसी की यात्रा शुक्रवार शाम को अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाडा पहुंची। भगवान ने प्रात: 11 बजे गुंडीचा भवन स्वयंवरम गार्डन से अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाडा के लिए प्रस्थान किया। यात्रा का मार्ग चक्कर रोड विश्वकर्मा मंदिर पीपल चौक मालाखेड़ी कलेक्टर बंगला कमिश्नर बंगला हैप्पी मैरिज गार्डन के सामने वाले मार्ग से पोस्ट ऑफिस कोठीबाजार विवेकानंद घाट बीएसएनएल चौराहा सर्किट हाउस चौक पानी की टंकी के सामने से एनएमबी कॉलेज भोपाल चौराहा भोपाल रोड परमशी गार्डन होते हुए डोंगरवाड़ा पहुंची। आज यात्रा में भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। भक्तों ने स्थान स्थान पर भगवान की पूजा अर्चना की और भक्तों को जलपान भी कराया।

### शनिवार को होगा स्वर्ण वेश

शनिवार को भगवान स्वर्ण वेश धारण करेंगे। इस दर्शन का विशेष महत्व होता है। समिति के सभी भक्तों से कार्यक्रम में आकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# भाजपा नर्मदापुर मंडल के सभी शक्ति केन्द्रों पर मासिक बैठक सम्पन्न हुई



नर्मदापुरम (निप्र)। भाजपा नर्मदापुर मंडल के सभी शक्ति केन्द्रों की मासिक बैठक का आयोजित हुई। शक्ति केंद्र की बैठक में सभी सम्माननीय अतिथियों ने पंडित दीनदयाल एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक प्रारंभ की,मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत एवं बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे मंडल के प्रभारी चरणजीत सिंह ने केंद्र शासित एवं प्रदेश की योजनाओं से अवगत कराया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव,मण्डल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, मंडल प्रभारी चरणजीत सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर,शक्ति केंद्र संयोजक पार्षद नरेंद्र पटेल,आरती बैस,सिमरन रायकवार,शक्ति केंद्र प्रभारी प्रशांत पालीवाल,नगरमंत्री कमल राव चव्हाण,देवानंद यादव,महेश सेन,सचिन तोमर,धर्मेंद्र जाट,योगेन्द्र सोलंकी,संदीप ठाकुर,अशोक कुशराम,बंटी परिहार,संतोष मीना,हुकुम यादव,सुमित गौर,चंचल राजपूत,जसवीर,सुरेन्द्र,दुर्गेश,गोरेलाल पाल,राकेश सराठे,अभिषेक रायकवार ,रजनी यादव,नितिन यादव,वैजयंती अहिरवार,रेखा रघुवंशी, अभिषेक चौहान,शिवम कमलेश सोनी,मजीद खान, चुटीले,भरत माझी आदि लोग उपस्थित रहे।

# जनपद माखननगर में तवा पुल एवं आंचलखेड़ा क्षेत्र में आवारा गौवंश के प्रबंधन हेतु विशेष अभियान जारी

नर्मदापुरम (निप्र)। तवा पुल एवं आंचलखेड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत पिपरिया रोड मुख्य सड़क पर आवारा गौवंश के कारण हो रही दुर्घटनाओं और यातायात बाधाओं को देखते हुए प्रशासन एवं स्थानीय पंचायत द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 23 जुलाई 2026 से प्रारंभ इस अभियान के तहत सड़क किनारे बैठे और भटकते हुए आवारा गौवंश को सुरक्षित रूप से हटाकर गौशालाओं एवं अन्य सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया जा रहा है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाना और मवेशियों को भी सुरक्षा प्रदान करना है। अभियान का मुख्य उद्देश्य मुख्य मार्ग पर संभावित दुर्घटनाओं को रोककर राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। तवा पुल और आंचलखेड़ा क्षेत्र के व्यस्त रास्तों से गौवंश के जमावड़े हटाकर आवागमन को बाधारहित बनाना। आवारा घूम रहे मवेशियों को अस्थायी गौशालाओं में व्यवस्थित कर उनकी देखभाल करना है। प्रशासन एवं पंचायत ने क्षेत्र के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें और उन्हें अपने परिसर या सुरक्षित स्थानों पर ही बांधकर रखें।



# नर्मदापुरम में पैरालीगल वालेंटियर्स को डिजिटल न्याय और साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया आयोजित



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती तृप्ति शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार 24 जुलाई 2026 को ए.डी.आर. सेंटर, नर्मदापुरम में पैरालीगल वालेंटियर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कोर्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम और साइबर सुरक्षा के प्रति वालेंटियर्स को जागरूक कर डिजिटल न्याय प्रणाली को आमजन तक पहुंचाना है।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रीमती शर्मा द्वारा उपस्थित पैरालीगल वालेंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य डिजिटल न्याय प्रणाली को जन-जन तक पहुंचाना और साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों के पांच सत्र आयोजित किए गए। जिला न्यायालय के जूनियर सिस्टम एनालिस्ट शोएब खान ने सीआईएस 3.2 की डिजिटल व्यवस्था, ई-फाइलिंग, ई-पे, ई-समन, ई-कोर्ट सेवाएं, केस स्टेटस, कॉज लिस्ट देखने की प्रक्रिया सहित ई-कोर्ट मोबाइल ऐप और सिटिजन सर्विसेज पोर्टल का लाइव डेमो देकर जानकारी दी। साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक प्रवीण मालवीय ने फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई फ्रॉड, सोशल मीडिया स्कैम, आइडेंटिटी थेफ्ट, मालवेयर और रैनसमवेयर जैसे साइबर खतरों से बचाव के तरीके बताए। अंतिम सत्र में मजबूत पासवर्ड बनाना, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, डेटा प्राइवेसी तथा साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 और नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह संबंधी बैठक 27 जुलाई को

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाये जाने के संबंध में बैठक का आयोजन 27 जुलाई 2026 को दोपहर 01:00 बजे से जिला कार्यालय के रेवा सभा कक्ष में किया गया है। अपर कलेक्टर नर्मदापुरम अनिल कुमार जैन ने सर्व संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

# कलेक्टर के निर्देश पर केसला में टी.बी. मुक्त भारत अभियान को नई गति, आदिवासी क्षेत्रों में चलेगा विशेष अभियान

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर टी.बी. मुक्त भारत अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एसडीएम नीलेश शर्मा की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुखतवा में टी.बी. निक्षय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को जनभागीदारी से सामाजिक जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि केसला ब्लॉक के उच्च जोखिम वाले ग्रामों एवं बस्तियों में व्यापक स्क्रीनिंग अभियान चलाया जाएगा। संभावित टी.बी. मरीजों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क उपचार, दवाएं एवं पोषण सहायता के रूप में फूड बास्केट किट प्रदान की जाएगी। बैठक के बाद एसडीएम श्री शर्मा ने चिन्हित मरीजों को फूड बास्केट का वितरण भी किया।

केसला के दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। गांव-गांव स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्थानीय भाषा में टी.बी. के लक्षण, जांच और उपचार की जानकारी दी जाएगी। आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर संदिग्ध मरीजों को जांच के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। मरीजों को निरंतर उपचार दिलाने के लिए निक्षय मित्रों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और प्रशासन के समन्वय से समुदाय आधारित सहयोग तंत्र विकसित किया जाएगा। जागरूकता बढ़ाने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर आमजन, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों को जोड़ा जाएगा। इस ग्रुप के जरिए टी.बी. के लक्षण, जांच, सरकारी सुविधाओं और समय पर दवा के महत्व की जानकारी नियमित रूप से साझा की जाएगी।

स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को भी अभियान से जोड़ा जाएगा। एस.डी.एम.श्री शर्मा ने बैठक में उपस्थित समाजसेवियों एवं आमजन को टी.बी. निक्षय मित्र के रूप में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि टी.बी. से मुक्त हुए मरीजों को 'टी.बी. योद्धा सम्मान' देकर सम्मानित किया जाएगा, जिससे अन्य मरीज भी उपचार के लिए प्रेरित हों। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केसला सुशील बरकड़े, अंकित यादव, अजय साहू, राजेश यादव, एनसी कैडेट्स एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### *कांग्रेस ने सिवनी मालवा एवं इटारसी नगर में किसानों के समर्थन में विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली*

*सिवनी मालवा,इटारसी (निप्र)। आज मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी जी का सिवनी मालवा एवं इटारसी नगर में आगमन हुआ। इस अवसर पर दोनों विधानसभा क्षेत्र में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के मार्गदर्शन में विशाल ट्रैक्टर रैली का आयोजन सम्मानित कांग्रेस जनों द्वारा किया गया। जिसमें कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं किसान भाइयों ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कृषि मंडी में किसानों के बीच पहुंचे जीतू पटवारी से किसान भाइयों ने मुलाकात की। इस अवसर पर किसान भाइयों ने जीतू पटवारी जी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। श्री पटवारी ने भी किसान भाइयों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस उनके हितों की लड़ाई के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रदेश कांग्रेस के महा सचिव सुखदेव पांसे,प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनंद जाट सहित नर्मदापुरम जिले के अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं युवा कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।*

# अंतर नाद संगीत सभा 26 जुलाई को



नर्मदापुरम (निप्र)। सुर वाणी एवं संचारी संगीत संस्था के सयुक्त संयोजन में 26 जुलाई को हैप्पी मैरिज गार्डन के सभा कक्ष में अंतर नाद संगीत सभा होंगी जिसमे स्थानीय प्रतिभाओ द्वारा पंडित प्राण कृष्ण साई के निर्देशन में शास्त्रीय गायन एवं पंडित रामसेवक शर्मा के निर्देशन में तबला वादन की प्रस्तुति होंगी। स्पिक मैके के सौजन्य से कोलकाता की ख्याति प्राप्त गायिका श्रीमती सोहिनी राय चौधरी अपना मधुर गायन प्रस्तुत करेगी उनके साथ तबला संगत भोपाल के मनोज पाटीदार करेंगे। संगीत रसिक सादर आमंत्रित है।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।*
*स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*